# City 24 News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 45 | पेज 8 | वीरवार 15 फरवरी, 2024 | संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


# बिना किसी दबाव में आए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें : मनोहर लाल

**हम मिशन मेरिट शुरू करके नौकरियों में पारदर्शिता लाए : सीएम**

**हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद हो : सीएम**

**मुख्यमंत्री ने नौकरी में नवचयनित युवाओं से किया ऑनलाइन संवाद**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं से कहा कि आप अपने सरकारी काम -काज के दौरान बिना किसी दबाव में आए, बिना किसी भेदभाव के अपने कर्तव्य का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करें। मुख्यमंत्री आज हाल ही में सरकारी नौकरी के लिए चयनित युवाओं से ऑनलाइन संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर भी उपस्थित थे। उन्होंने प्रदेशवासियों और ख़ासकर चयनित युवाओं को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि आप उस नई पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं, जो सूचना प्रौद्योगिकी को सहज ही अपना लेने वाली पीढ़ी हैं। इसलिए आप हमारी ई-गवर्नेंस की प्रक्रिया को भी सरलता से अपना लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद हो और वित्तीय रूप से समृद्ध हो। जब हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे, तब हरियाणा संयुक्त राष्ट्र के वर्ष 2030 तक के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर लेगा। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2014 में प्रदेश की जनता ने मुझे जनसेवा का कार्यभार सौंपा था तो मैंने पहला संकल्प सरकारी नौकरियों की भर्ती में पारदर्शिता लाने का किया था। इसलिए जब बिना खर्ची-पर्ची के भर्ती की लिस्ट निकलती है, तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछली सरकारों के दौरान जब सरकारी नौकरियों की लिस्ट जारी होती थी तो अखबारों में खबर छपती थी कि लिस्ट में किस-किस नेता के रिश्तेदार लगे हैं। खबरें आज भी छपती हैं लेकिन उनमें लिखा होता है कि फलां मजदूर की बेटी लगी, फलां किसान का बेटा लगा, रेहड़ी-रिक्शा वालों के बच्चे मीडिया को इंटरव्यू देते हैं कि हम बिना किसी खर्ची-पर्ची के लगे हैं, तो उनके माता-पिता से ज्यादा मुझे खुशी होती है। यही वह संकल्प था जिसको मन में धारण कर हमने जनसेवा का दायित्व संभाला था।

हमने मिशन मैरिट शुरू करके नौकरियों में पारदर्शिता का उदाहरण पेश किया जो कि अन्य राज्यों में भी चर्चा का केंद्र बना है। उन्होंने ईमानदारी से भर्ती की मिसाल देते हुए बताया कि सिरसा जिला के एक गांव रिसालिया खेड़ा से 35 युवाओं की नौकरी लगना स्वयं ही सरकार की नियत और नीति को बयां करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के 9 साल के कार्यकाल में हमने पूर्ण पारदर्शिता के साथ बिना पर्ची-खर्ची के 1 लाख 20 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। आज प्रदेश के युवाओं का योग्यता के आधार पर नौकरी पाने का सपना साकार हो रहा है। गरीब का बच्चा भी अब ।।ष्ट्स बन रहा है, जिसकी वह पहले कल्पना भी नहीं कर सकता था।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारा इस वर्ष 60 हजार नौकरियां देने का लक्ष्य है, जिनमें से 10 हजार से अधिक ग्रुप-सी की यह भर्ती है, जिसमें आप सफल हुए हैं। इसके अलावा, पिछले दिनों 1149 युवाओं को पुलिस में नौकरी मिली है, जिन्हें मिलाकर लगभग 12 हजार और युवाओं की विभिन्न पदों पर भर्ती हुई है। 41 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। यही नहीं, हमने युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार देने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनकी बदौलत प्रदेश में लगभग 32 लाख लोगों को रोजगार व स्वरोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि हमने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भी लगभग 18 हजार युवाओं को अनुबंध आधार पर नौकरी दी है। इसी निगम के माध्यम से युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने में भी मदद की जा रही है। पिछले दिनों 7 देशों में 13 हजार से अधिक नौकरियों के लिए आवेदन मांगे गये थे। उनकी चयन प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस समय विदेशों में रोजगार तलाश करने वाले युवाओं की संख्या काफी अधिक है। लेकिन ये युवा कई बार विदेश भेजने का झांसा देने वाले जालसाजों के जाल में फंस जाते हैं। हमने उन्हें विदेशों में शिक्षा व रोजगार दिलाने के लिए विदेश सहयोग विभाग बनाया है। विदेश में रोजगार के अवसर तलाशने वाले युवाओं के कॉलेज में ही नि:शुल्क पासपोर्ट बनाए जा रहे हैं। अब तक 28 हजार से अधिक युवाओं के पासपोर्ट बनाये जा चुके हैं। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत , विकसित हरियाणा का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि अगले 25 वर्षों के अमृत काल में भारत एक विकसित राष्ट्र बने।

मुख्यमंत्री ने अंत में इन नवचयनित युवाओं को पूरी संवेदनशीलता , ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से सरकारी काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने चयनित हुए कई युवाओं से बात भी की, इन सभी युवाओं ने प्रदेश सरकार की मिशन-मेरिट कार्यशैली की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।

# अनुराग ठाकुर करें तो सही, नीरज शर्मा करें तो गलत





करके रहेगा। लोक सभा में बयान देते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

**नमो हैट्रिक की भगवा टीशर्ट पहनकर संसद भवन पहुंचे अनुराग ठाकुर**

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 10 फरवरी : केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को नमो हैट्रिक के नारे लिखे भगवा टीशर्ट पहनकर संसद भवन पहुंचे। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट सत्र के आखिरी दिन यह टीशर्ट पहनकर संसद भवन पहुंचे अनुराग ठाकुर ने केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि, 'तीसरी बार मोदी सरकार, अब की बार 400 पार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैट्रिक लगाएंगे और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनकर आएंगे तो देश के गरीबों का और कल्याण करेंगे, भारत को और बढ़ाने का काम करेंगे और देश का मान सम्मान और ज्यादा बढ़ाएंगे।' ● शेष पृष्ठ 2 पर

नमो हैट्रिक संदेश वाली टीशर्ट पहने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** जैसे जैसे विधानसभा सत्र का समय नज़दीक आ रहा है विधायक नीरज शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष के बीच चिट्ठियों की जंग शुरू हो गई है कि कल जहाँ विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने कपड़ों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा था साथ ही यह भी पूछा था कि जो चोला मैंने पहन रखा है कृपया विधानसभा अध्यक्ष बिंदुवार बताएँ कि उसमें विधानसभा अध्यक्ष को क्या आपतति है।

नीरज शर्मा का कहना था कि कहीं-कहीं तो विधानसभा में विधायक, सांसद, सिर्फ़ धोती और गमछा पहनकर आते हैं और मैं आपको एक भाजपा के वरिष्ठ सांसद एवं केन्द्र में मंत्री अनुराग ठाकुर की फ़ोटो इस पत्र के साथ भेज रहा हूँ जिसमें उनके कपड़ों पर लिखा है नमो अगेन और हेट्रिक भाजपा। श्री शर्मा ने कहा कि उनका वस्त्र जो उनके शरीर को पूरा ढक लेता है कैसे सदन की मर्यादा को भंग करता है। उनके वस्त्र पर जय सिया राम लिखा है और स्वस्तिक चिह्न बना है कोई असंसदीय शब्द नहीं लिखा है तो फिर उन्हें क्यों सदन में जाने से रोक जा रहा है, इसके जवाब में विधान सभा अध्यक्ष कार्यालय से विधायक नीरज शर्मा को भेजे गए जवाब में कहा गया है कि हरियाणा विधानसभा कि सदस्यों पियोगी पुस्तक काम में अध्याय दो में विधानमंडल के अंदर विधायकों के लिए आचार संहिता शिष्टाचार के सामान ने नियमों के नियम निम्नलिखित हैं नियम 14 में वर्णित है कि सदन में किसी तरह का बल्ला धारणा नहीं करेगा नियम 16 में वर्णित है कि सदन में झंडा चिन्ह या प्रदर्शनी नहीं लगाएगा तथा संसदीय पद्धति और प्रक्रिया के अध्याय 12 में सदस्यों के आचरण में सभा में मर्यादा और गरिमा बनाए रखने के लिए सदस्यों को किसी भी प्रकार की उच्छृंखलता नहीं करनी चाहिए इस पत्र में विधायक नीरज शर्मा को कहा गया है कि अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार आपसे अनुरोध है कि यदि आप उपरोक्त मर्यादा का पालन करेंगे तो आपको ही सुविधा होगी अन्यथा यदि सत्र के दौरान आपके पहनावे में उपरोक्त नियमों का उल्लंघन होगा तो परिसर में आपका प्रवेश बाधित करने के लिए विधानसभा सचिवालय को बाध्य होना पड़ेगा

यह पत्र पाने के बाद विधायक नीरज शर्मा ने 1 और पत्र तुरंत विधानसभा अध्यक्ष को लिखा है जिसमें विधायक नीरज शर्मा ने बताया है कि बिंदु नंबर एक में जैसा कि लिखा है कि सदन में किसी तरह का बिल्ला धारणा नहीं करेगा उसी के विषय में आपसे कहना चाहता हूँ कि मेरे कपड़ों पर किसी प्रकार का कोई बिल्ला नहीं है बिंदु नंबर दो में जैसा कि लिखा है कि सदन में झंडा चिन्ह यह प्रदर्शनी नहीं लगाएगा उसके संदर्भ में आपको बताना चाहता हूँ कि मेरे कपड़ों पर कोई प्रदर्शनी नहीं है सिर्फ़ सियाराम का नाम एवं स्वास्थ्य का निशान रामायण की चौपाई हैं और कबीर के दोहे हैं इसलिए कृपया स्पष्ट मनपा वे दें कि प्रभु का नाम लिखा रहने देना है या नहीं और अगर कोई प्रदर्शनी जैसी चीज़ लगेगी तो मैं ज़रूर हटा लूँगा। अपने पत्र में नीरज शर्मा आगे लिखते हैं कि मेरा आपसे अनुरोध है कि मैं अपने धारण किये हुए कपड़ों की फ़ोटो भेज रहा हूँ कृपया आप मुझे तीनों बिंदुओं का स्पष्ट मंतव्य देने का कष्ट करें ताकि मैं वो चीज़ें हटा सकूँ है। अब देखना यह है कि इस पर विधानसभा अध्यक्ष अपना क्या स्पष्टीकरण देते हैं।

गौरतलब है कि विधायक नीरज शर्मा ने अपने इलाक़े की जन समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल 28 करोड़ रुपये की विकास कार्यों की फ़ाइल को पास करने का अनुरोध किया था बार बार अनुरोध किए जाने के बावजूद विधानसभा सदन में याद दिलाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने इन फाइलों पर दस्तख़त करने से इंकार कर दिया था इसके विरोध में एक महीने का अल्टीमेटम देने के बाद विधायक नीरज शर्मा ने अपने वस्त्र त्याग कार कफ़न का दो गस से लाभ हुआ कपड़ा धारण कर लिया था जिस पर जय सियाराम स्वास्तिक जैन रामायण की चौपाई कबीर के दोहे अंकित हैं साथ ही नीरज शर्मा की विधान सभा NIT 86 की जन समस्याओं की तस्वीरें और उन समस्याओं के बारे में लिखा गया है। नीरज शर्मा के इस वस्त्र को धारण करने के बाद सरकार ने उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में 26 जनवरी को प्रवेश करने से रोक दिया था साथ ही राज्यपाल की एट होम पार्टी में भी प्रवेश नहीं करने दिया था इसे विधायक नीरज शर्मा ने सरकार की ज्यादती क़रार दिया था और उनके अभिव्यक्ति के अधिकार का भी हनन बताया था। फ़िलिहाल विधायक नीरज शर्मा घर घर जाकर सरकार की नीतियों की खामियां गिना रहे हैं साथ ही यह बता रहे हैं कि लोगों की गली में जो सीवर का पानी भरा है या सीवर के ढक्कन खुले रहने से गिरकर लोगों की मौत हो रही है उसके ज़िम्मेदार सिर्फ़ और सिर्फ़ मुख्यमंत्री मनोहर लाल हैं।

# हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज की पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर हैरानी व प्रश्नचिन्ह

**जिसने नोटिस जारी कर कहा कि हमारी सीमा में ड्रोन न भेजे, क्या यह हिंदुस्तान-पाकिस्तान बन गया**

**अमृतसर से जत्थे (किसान) चले तो पंजाब सरकार ने इन्हें रास्ते में क्यों नहीं रोका, क्या यह दिल्ली को दहलाना चाहते है या दोबारा लाल किले पर डांस कर अपमानित करना चाहते हैं : गृह मंत्री अनिल विज**

**किसानों ने जिनसे दिल्ली में बात करनी है वह सभी मंत्री व अधिकारी चंडीगढ़ आ गए अब दिल्ली किस लिए जाना है, इनका (किसानों) मकसद कुछ और है - अनिल विज**



**सिटी 24 न्यूज**


**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने किसानों के मुद्दे पर पंजाब सरकार के रवैये पर हैरानी जताई है और कहा कि "उन्हें बहुत बड़ी हैरानी है कि पंजाब सरकार ने नोटिस जारी किया कि हमारी सीमा में ड्रोन मत भेजो, क्या यह हिंदुस्तान-पाकिस्तान हो गया। अगर, हमारी पुलिस को मारकर कोई पंजाब में भाग जाएगा तो क्या हम उसके पीछे जाकर उसे पकड़ नहीं सकते"। पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री विज ने कहा कि "जब अमृतसर से यह जत्थे (किसान) चले तो पंजाब सरकार ने इन्हें रास्ते में एक भी जगह भी रोकने की कोशिश नहीं की। इसका मतलब तो यह है कि यह दिल्ली को दहलाना चाहते हैं, क्या यह दोबारा चाहते हैं कि दिल्ली के लाल किले में जाकर डांस कर अपमानित किया जाए"। वहीं, शंभु बार्डर पर जुटे किसानों पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसान कहते हैं कि हमने दिल्ली जाना है, दिल्ली इन्होंने किस लिए जाना है, जिनसे इन्होंने दिल्ली में बातचीत करनी है जब वह सारे मंत्री व अधिकारी चंडीगढ़ आ गए तो आपने बात नहीं की। इसलिए इनका मकसद कुछ और है। वहीं, मंगलवार किसानों व पुलिस के बीच हुए पथराव के संबंध में गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पुलिस के एक डीएसपी व 25 पुलिस कर्मी घायल हुए है और आजतक न्यूज चैनल के एक सीनियर पत्रकार भी घायल हुए हैं।

**कांग्रेस ने दस साल में कुछ नहीं किया, अब केवल भड़ाने के लिए बयान देना ठीक नहीं : विज**

राहुल गांधी के बयान की उनके गठबंधन की सरकार बनेगी तो किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी के बारे में गृह मंत्री अनिल विज ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एमएसपी की रिपोर्ट 2004 में आ गई थी तब कांग्रेस की सरकार थी और दस साल तक रही, तब इनकी पार्टी ने क्यों नहीं किया। केवल भड़काने के लिए ऐसे बयान देना ठीक नहीं।

# किसान आंदोलन : बॉर्डर पर काटी रात, फिर दिल्ली कूच के लिए किसान तैयार, भिड़ंत में डीएसपी सहित 24 पुलिसकर्मी घायल, इंटरनेट बैन बढ़ा

**किसानों ने लगातारा शम्भू बॉर्डर (अम्बाला) और दाता सिंह बॉर्डर (खनौरी- जींद) में धारा -144 लागू होने के बावजूद बैरिकेडिंग तोड़ दिए. हरियाणा पुलिस ने आधिकारिक जानकारी दी है कि किसानों के प्रदर्शन के दौरान पथराव के दौरान 24 पुलिस कर्मियों को गंभीर चोटें आई.**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन 2.0 का बुधवार को दूसरा दिन है. किसान हरियाणा के अलग-अलग बॉर्डर्स पर डटे हुए हैं. किसानों ने अंबाला के शंभु बॉर्डर, खनौरी बॉर्डर और अन्य इलाकों रात काटी है. बॉर्डर पर ही किसानों ने रात का खाना पकाया और फिर ट्रैक्टर में रात काटी. बुधवार को फिर से किसान दिल्ली कूच करेंगे.

जानकारी के अनुसार, इससे पहले, मंगलवार को शम्भू बॉर्डर (अम्बाला) और दाता सिंह बॉर्डर (खनौरी-जींद) में जमकर बवाल हुआ. शम्भू बॉर्डर पर किसान और पुलिस ने मंगलवार को टकराव देखने को मिला. इस दौरान पुलिस ने सात घंटे तक रुक-रुक कर किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े. इस दौरान ड्रोन के जरिये भी टियर गैस दागी गई. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी भी की. हालांकि, शाम ढलने के बाद किसानों ने दिल्ली कूच करने से विराम लिया, लेकिन पुलिस की तरफ से आंसू गैस के गोले छोड़ने का सिलसिला चलता रहा.

किसानों ने लगातारा शम्भू बॉर्डर (अम्बाला) और दाता सिंह बॉर्डर (खनौरी- जींद) में धारा -144 लागू होने के बावजूद बैरिकेडिंग तोड़ दिए. हरियाणा पुलिस ने आधिकारिक जानकारी दी है कि किसानों के प्रदर्शन के दौरान पथराव के दौरान 24 पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई. इन पुलिसकर्मियों में 15 पुलिसकर्मी (डीएसपी और अन्य रैंक) शम्भू बॉर्डर पर ड्यूटी के दौरान घायल हुए, जबकि 9 पुलिसकर्मी दाता सिंह बॉर्डर जींद में घायल हुए. इन पुलिसकर्मियों का नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार किया जा रहा है. यहां पर लाठीचार्ज भी किया गया है. किसानों का कहना है कि 100 के करीब किसान भिड़ंत में घायल हुए हैं.

DSP समेत चार जवान और तीन रैपिड एक्शन फ़ोर्स के घायल जवानों को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में एडमिट किया गया है. 6 कर्मचारियों की हालत ठीक है. लेकिन डीएसपी सिर पर ज्यादा चोट लगी है. अंबाला नागरिक अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर संगीता ने बताया कि कुल 7 लोग आए है. उन्होंने बताया कि पत्थर लगने से ये लोग घायल हुए हैं. अस्पताल में पूरी तैयारियां है.

हरियाण सरकार ने अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में अब 15 फरवरी तक मोबाइल इंटरनेट सर्विस बंद कर दी हैं.

**लोगों से पुलिस ने की अपील**

हरियाणा पुलिस के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है. विभिन्न जिलों में धारा- 144 लगाई गई है जिनकी उल्लंघना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी. उन्होंने कहा कि लोग शांतिपूर्वक ढंग से प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति किसी को भी नहीं दी जा सकती. उन्होंने बताया कि प्रदेश में शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है इसलिए लोग किसी भी गैर कानूनी संगठन का हिस्सा ना बने. इसके अलावा, लोग सोशल मीडिया आदि पर भी भड़काऊ पोस्ट न डालें. सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा इस प्रकार की पोस्ट पर नजर रखी जा रही है और भड़काऊ तथा भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कृष्णपाल गुर्जर संग किया एक्सप्रेसवे का निरीक्षण

### फरीदाबाद के पल्ला पुल से दिल्ली कालिन्दी कुंज तक किया बारीकी से निरीक्षण



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय सङक एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट नितिन गडगरी और केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों संग बुधवार को दिल्ली मुम्बई वङोदरा लिक एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया। उन्होंने फरीदाबाद के पल्ला पुल से दिल्ली कालिन्दी कुंज तक बारीकी से निरीक्षण निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने केन्द्रीय मंत्रियों का फरीदाबाद में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना और जेवर का संक्षिप्त परियोजना विवरण राजमार्ग (एनएच-148एनए) 60 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर डीएनडी फ्लाईओवर के पास से शुरू होता है और फ़रीदाबाद से होकर गुजरता है। बल्लभगढ़ बाईपास और कैलगांव के पास हृ ॥-19 (पुराना एनएच 2) को पार करता है और समाप्त होता है। पश्चिमी के कु ंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) खंड के चौराहे के पास सोहना के पास पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (डब्ल्यूपीई) और दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे है। तीन निर्माण पैकेजों (पीकेजी 1, 2 और 3) में विकसित किया जा रहा है। परियोजना पूरी होने पर यहां से निकलने वाले यातायात को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी उत्तर/पूर्वी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और जयपुर, अहमदाबाद की ओर,वड़ोदरा, मुंबई एनएच 48 (पुराना एनएच 8) पर और कानपुर की ओर पहुंच प्रदान करेगा। एनएच 19 (पुराना एनएच 2) के माध्यम से लखनऊ, कोलकाता, यह अंतत: दिल्ली में भीड़भाड़ कम करेगा। एनसीआर क्षेत्र. जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी भी विकसित की जा रही है। किमी पर इस संरेखण से जुड़ा हुआ है। - 33.000.पीकेजी-I डीएनडी महारानी बाग से शुरू होता है और संरेखण से होकर गुजरता है।खिजराबाद, बटला हाउस और ओखला विहार, यमुना नदी के पश्चिमी तट, नहर पर कॉलोनी और जसोला विहार। कार्य जनवरी, 2022 से निर्माणाधीन है। वर्तमान भौतिक प्रगति 73 प्रतिशत है और दिसंबर, 2024 तक पूरा होने की संभावना है। पीकेजी-II की परियोजना जैतपुर पुश्ता रोड के साथ जंक्शन के पास शुरू होती है और समाप्त होती है एचएसवीपी के सेक्टर 62-65 डिवाइडिंग रोड के जंक्शन पर। कार्य निर्माणाधीन है। अगस्त, 2021 से वर्तमान भौतिक प्रगति 83 प्रतिशत है और होने की संभावना है मई 2024 तक पूरा होगा। पीकेजी-III का प्रोजेक्ट जैतपुर पुश्ता रोड के साथ सेक्टर 62-65 डिवाइडिंग रोड के पास शुरू होता है और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) के चौराहे के पास जंक्शन पर समाप्त होती है। वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (डब्ल्यूपीई) और दिल्ली मुंबई का खंड सोहना के पास एक्सप्रेसवे। काम मई 2023 में पूरा हो चुका है। उपरोक्त तीन पैकेजों की कुल लागत रु. 4463 करोड़. शहरी परियोजना होने के नाते, इसमें 08 ऊंचे खंड (कुल लंबाई) का प्रावधान है 12.034 किमी), 10 नंबर फ्लाईओवर, 06 नंबर वीयूपी, 11 नंबर एलवीयूपी, 13 नंबर छोटे पुल, 01 नग आरओबी, 01 नग आरयूबी, 06 नग बस बे और 102 नग। बॉक्स पुलिया. जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी भी किमी पर पीकेजी-2 से जुड़ी हुई है। 33.000. 31 किमी लंबा यह राजमार्ग जून, 2023 से तय समय पर निर्माणाधीन है 20.06.2025 को समापन। परियोजना लागत रु. 1660.50 करोड़ है।

# सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में पर्यटकों की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है भीड़

### मेला में अब तक पहुंचे करीब 9 लाख देशी-विदेशी पर्यटक

### देशी-विदेशी कलाकारों ने भी बिखेरी अपनी शानदार प्रस्तुतियों का जलवा



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** गत 2 फरवरी से शुरू होकर आगामी 18 फरवरी तक चलने वाले 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में पर्यटकों की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है। आंकड़ों के अनुसार बुधवार 14 फरवरी तक करीब 9 लाख पर्यटक फरीदाबाद के सूरजकुंड में भरने वाले शिल्प मेला में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुके हैं तथा आगामी दिनों में इस संख्या के और अधिक बढने के आसार हैं। देश-विदेश से आए कलाकार व शिल्पकार अपनी कला के जरिए मेले में आने वाले सभी पर्यटकों को रिझा रहे हैं। पर्यटक भी शिल्पकारों के हुनर और कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखकर पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। सूरजकुंड मेला परिसर में दो चौपाल स्थापित हैं, जहां दिनभर देश व विदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार दर्शकों का मनोरंजन करते देखे जा सकते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को मेले की बड़ी एवं मुख्य चौपाल पर देशी व विदेशी कलाकार अपने गीत-संगीत व नृत्य कला के बेहतरीन प्रदर्शन से अपनी समृद्ध संस्कृति की छठा बिखेर रहे हैं। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मेले की मुख्य चौपाल पर थीम स्टेट गुजरात की धरा सुरेंद्र नगर जिला से मालधारी रास मंडल ने हुड़ो रास अर्थात छतरी डांस की शानदार प्रस्तुति से चौपाल पर बैठे सभी पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मालधारी रास मंडल के कलाकार फिल्म फेयर अवॉर्ड में भी अपनी प्रस्तुति दर्ज करवा चुके हैं। यह रास मंडल वायब्रन्ट के भी सभी कार्यक्रम करते हैं तथा गत वर्ष गुजरात रास प्रतियोगिता में भी इन्होंने प्रथम स्थान को हासिल किया। वर्ष 2012 में यह कलाकार मलेशिया में भी अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। इस मेले में लगभग 50 देश के शिल्पकार व कलाकार अपनी कला व शिल्प का सुंदर प्रदर्शन करके मेले में रंग जमा रहे हैं। चौपाल पर एक ओर जहां किर्गिस्तान से आए कलाकारों ने अपने देश की समृद्ध संस्कृति से लोगों को अवगत करवाया, वहीं दूसरी ओर मालावी देश की मशहूर गायक मैगीकैप्ट्रन ने अपने देश की खुशहाली के गीत प्रस्तुत किए। जिम्बाब्वे के कलाकारों ने किसान की अच्छी फसल होने पर गाए जाने वाले गीत व डांस की मन मोहक प्रस्तुति दी। गामबिया देश के कलाकारों ने डिजिटल वाद्ययंत्रों के साथ अपना फोक कल्चर मैनेकिरा गीत प्रस्तुत किया। मैनेकिरा गीत आपसी भाईचारे को कायम रखकर सौहार्दपूर्ण जीवन जीने का संदेश देने के लिए गाया जाता है। मुख्य चौपाल पर कोमोरोस के बेनिडाज ग्रुप ने शादी विवाह के मौके पर खुशियों के पलों वाले गीत ओमाहीयाये ओमाहीये ओमेपाले के साथ नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी। बोतस्वाना के कलाकारों ने हुसाना डांस, सिटापा डांस तथा टोगो देश के कलाकारों ने खुशियों के अवसर पर कुंवारी लड़कियों के द्वारा किए जाने वाले जिफोर डांस की प्रस्तुति दी। बडी चौपाल का सुंदर मंच संचालन जनेंद्र ने किया।

# नदियों व सागर में मिलने वाले पत्थरीले टुकड़ों को बिना तरासे देते हैं आकृति का रूप



### पंचम सदी की कंकड़ कला (पेबल आर्ट) को शिल्पकार प्रहलाद पंवार दिला रहे हैं पहचान

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में देश के कोने-कोने से आए शिल्पकार अपनी अनोखी कलाकृतियों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। ऐसे सामान जिन्हें आमजन मानस व्यर्थ समझकर कोई तवज्जो नहीं देते, शिल्पकार उसे अपने हुनर से जीवंत कर अपने अर्जन का माध्यम बनाकर लाखों कमा रहे हैं। महाराष्ट्र के परभनी जिला से आए शिल्पकार भगवान पंवार और उनके पुत्र प्रहलाद पंवार इन्हीं में एक हैं। यह शिल्पकार पंचम सदी की प्रचलित कंकड़ कला को अपने हुनर के माध्यम से देश के कोने कोने में पहुंचाकर उसे पहचान दिला रहे हैं। कंकड़ कला को को पेबल आर्ट के नाम से भी जाना जाता है। प्राचीन काल में पत्थरों को तराशे बगैर ही विभिन्न प्रकार की मूर्तियां बनाई जाती थी। यह कला अब देश में लगभग लुप्त हो चुकी है, लेकिन यह दोनों पिता-पुत्र अपने परिवार सहित पुन: इस कला को जीवंत बनाने में लगे हुए हैं। शिल्पकार प्रहलाद पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पेबल आर्ट (कंकड़ कला) पंचम सदी की कला मानी जाती है। उस समय में पत्थरों को तरासने आदि की सुविधा नहीं थी। राजा महाराजा अपने शिल्पकारों से पत्थरों की अलग-अलग प्रकार की आकृतियां सजावट के लिए बनवाते थे। उन्होंने बताया कि वह देश के विभिन्न हिस्सों में प्रवाहित नदियों और सागर के किनारे जाकर वहां से छोटे-छोटे पत्थरीले टुकड़ों को इक्ष करते हैं। इसके पश्चात वह एक थीम सोचकर पत्थरों को बगैर तोड़े और तरासे ही आकृतियों का रूप देते हैं। नदियों से निकलने वाले कंकड़-पत्थरों को जोडकऱ बनाई गई कलाकृतियां ही पेबल आर्ट (कंकड़ कला) कहलाती है। बीएससी हार्टिकल्चर से पढ़ाई करने वाले शिल्पकार प्रहलाद पंवार ने बताया कि पहले वह इस कला को शौकिया किया करते थे। महाराष्ट राज्य के जिला परभनी में स्थित गांव वजूर के पास से गोदावरी नदी से वह कंकड़ बीनकर लाते थे और घर में बैठकर गोंद के माध्यम उसे विभिन्न स्वरूपों में जोडकऱ आकृतियां बनाते थे। इस कला से बनाई आकृतियों की मांग बढने पर उन्होंने अपनी मां रूकमणी पंवार और धर्मपत्नी मोहिनी को भी इसी शिल्पकला से जोडकऱ परिवार की आमदनी का माध्यम बना लिया। अब वह अपने आस-पास की एक दर्जन से अधिक महिलाओं को इस कला से जोडकऱ आत्मनिर्भर बना चुके हैं। खास बात यह है कि कंकड़ कला में उपयोग किए जाने वाले पत्थरों को न तो तरासा जाता है और न ही उनकी तोडफ़ोड़ की जाती है। कंकड़-पत्थरों के प्राकृतिक स्वरूप से आकृतियां तैयार की जाती है। यह आकृतियां सजावट और उपहार देने में काम आती हैं। शिल्पकार प्रहलाद ने बताया कि उनके द्वारा कंकड़ कला से बनाई गई छत्रपति शिवाजी की शासन प्रणाली और महात्मा गांधी के नमक आंदोलन की आकृति सबसे अधिक चर्चित रही हैं। यह कला देश से लुप्त हो चुकी थी। उनका कहना है कि देश में वह अकेले ऐसे शिल्पकार हैं, जो पंचम सदी की कंकड़ कला को पुन: जीवंत कर रहे हैं। अब वह रामायण के पात्रों की थीम पर पत्थरों के जरिए आकृति बनाने में जुटे हुए हैं। इसी कला के माध्यम से पंवार की आमदनी 75 हजार से एक लाख रुपए तक पहुंच गई है।

# संस्कृत महाविद्यालय का 17वां स्थापना दिवस मना

### बसंत पंचमी के दिन बटुक ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 44 स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम में संचालित स्वामी सुदर्शनाचार्य संस्कृत वेद वेदांग महाविद्यालय एवं स्वामी सुदर्शनाचार्य संस्कृत वेद विद्यालय के 17वां स्थापना दिवस पर सरस्वती पूजन हुआ। आज बसंत पंचमी होने से भी विद्यार्थियों में अतिरेक जोश नजर आ रहा था।

इस अवसर पर वाग्देवी सरस्वती पूजन, वेद भगवान पूजन, 19 बटुक ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। इसके बाद महाविद्यालय के चेयरमैन श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने ब्रह्मचारियों को ब्रह्म गायत्री मंत्र दीक्षा व आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर श्री गुरु महाराज ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की रक्षक है। संस्कृत के प्रचार प्रसार से ही हमारी संस्कृति पल्लवित पोषित होती रही है। इसी के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने गुरुकुलों की स्थापना की। हम भी संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए महाविद्यालय चला रहे हैं। जिससे हमारों बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। इसके बाद उन्होंने श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में भी बंसत पंचमी के उपलक्ष्य में विशेष पूजन किया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने माँ सरस्वती का सविधि पूजन किया। गौरतलब है कि आश्रम में स्थापना काल से ही बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन किया जाता रहा है। आज बसंत पंचमी के दिन हजारों की संख्या में भक्तगण आश्रम पहुंचे और मंदिर में माथा टेक कर श्री गुरु महाराज जी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद एवं आशीर्वाद भी प्रदान किया वहीं सभी ने आयोजित विशाल लंगर में भी प्रसाद प्राप्त किया।

# केन्द्र सरकार सेना में अग्निवीर लग चुके युवाओं को परमानेंट करें : अनिवाश यादव

### एनएसयूआई ने फरीदाबाद में जय जवान (अन्याय विरूद्ध-न्याय का युद्ध) पोस्टर लॉन्च किया



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** एनएसयूआई द्वारा पूरे देश में जय जवान (अन्याय विरूद्ध-न्याय का युद्ध) पोस्टर लॉन्च किया गया। इसी क्रम में एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के दिशा-निर्देशों पर आज सैक्टर-17 स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता राजेश खटाना के कार्यालय पर एनएसयूआई द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप एनएसयूआई हरियाणा के अध्यक्ष अविनाश यादव ने शिरकत की। एनएसयूआई के नेता आनन्द राजपूत व पलवल एनएसयूआई के नेता दिनेश पोसवाल ने मुख्य अतिथि अविनाश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खटाना, अर्जुन चपराना का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। एनएसयूआई की बैठक के दौरान प्रदेशाध्यक्ष अविनाश यादव ने जय जवान (अन्याय विरूद्ध-न्याय का युद्ध) पोस्टर को लांच किया। इस अवसर पर उपस्थित एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव ने कहा कि भारतीय थल सेना, वायुसेना और नौसेना में चयनित सभी डेढ़ लाख युवाओं को बिना किसी विलंब के तत्काल ज्वॉइनिंग दी जाए। अग्निपथ योजना भर्ती को बंद किया जाए। जो भी युवा अग्निवीर लग चुकाहै उन्हें परमानेंट किया जाए और सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया फिर से आरंभ किया जाए। एडवोकेट राजेश खटाना ने बताया कि विपक्ष की सकारात्मक भूमिका कांग्रेस हमेशा निभाती आई है और आगे भी मजबूती से निभाएगी। छात्र नेता दिनेश पोसवाल व आनन्द राजपूत ने अपने वक्तव्य में कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर एनएसयूआई का एक-एक सिपाही हर कॉलेज, हर कोचिंग सेंटर पर जाकर के युवाओं को जागरूक करेगा और अन्याय के विरुद्ध न्याय की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से अर्जुन चपराना, पूर्व जिलाध्यक्ष एनएसयूआई कृष्ण नागर, मोहित चंदीला देहात अध्यक्ष एनएसयूआई, कृष्ण चौहान, विनम्र नासवा, नवल सिंह, नितिन डूडेजा, सागर, मोनू तिवारी आदि कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोगों की जरूरतों के अनुरुप कार्य कर रही प्रदेश सरकार : सीमा त्रिखा

### विधायक ने किया प्याली चौक से मिनी रोजगार्डन तक के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बडख़ल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने बुधवार को प्याली चौक स्थित मिनी रोज गार्डन के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस पर अनुमानित 31 लाख रुपये व्यय होंगे। इसके तहत पार्क के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने सीमा त्रिखा का गर्मजोशी से स्वागत कर पार्क का नवीनीकरण कराने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीनीकरण के तहत पार्क में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए अनेक कार्य करवाए जाएंगे ताकि यहां सुबह-शाम सैर को आने वाले बच्चों, युवाओं व वृद्धों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। पार्क में जहां बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले लगाए जाएंगे वहीं युवाओं के लिए व्यायाम के उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा पार्क में बुजुर्गों के बैठने के लिए बैंचों के ऊपर छतरियों का विशेष प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत नागरिकों को सामुदायिक केंद्र, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति, सडक़ पार्क, सफाई आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोगों की हर प्रकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतरीन कार्य योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है। इस अवसर पर यशपाल जयसिंह, संजय महेंद्रू, खुशबू सिंह, एडवोकेट प्रेम डूडेजा, भीमसेन यादव, शिवनंदन, नौरंग, शिवराज, पारस राम शर्मा, पूनम सिन्हा, मालती, रजनी, सरिता हसीजा, पूजा विरमानी, नीलम गुलाटी, सुदेश ओबेराय, भावना कपूर, रचना, सीमा नलवा, आशा भाटिया, स्वीटी, प्यारी चौधरी, अंगूरी एवं अनुज नागपाल आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

# एकॉर्ड अस्पताल में लगे शिविर में 70 लोगों ने कराई जांच



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बंसत पंचती के अवसर पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित निजी अस्पताल और वेलफेयर कल्चरल एंड रिक्रिएशनल एसोसिएशन (डबल्यूसीआर)के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-21ए स्थित सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जिसमें फिजीशियन डॉ.सूरज श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल दीक्षित, कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अंजली भारद्वाज, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता कुमारी और डॉ. निखिल सचदेवा मौजूद रहे। शिविर के संयोजक विशाल सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। खांसी, जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या अस्पतालों में काफी बढ़ गई है। लोगों को बीमारियों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डॉ. सबिता कुमारी ने कहा की गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन करने की सीख देते हुए टीकाकरण कराने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि साफ-सफाई बरतने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। लोगों ने कहा ऐसे शिविर लगते रहने चाहिए। शिविर लगने से बड़ी राहत मिली है। डॉक्टर ने जांच कर दवाएं दीं। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल दीक्षित ने लोगों को ब्रेन स्ट्रोक और पैरालिसिस तथा कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अंजली भारद्वाज ने हृदय रोगों से बचने के उपाय सुझाए।

# जर्मन फेडरेशन ने रखी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ तालमेल की पेशकश

**जर्मनी के फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के प्रतिनिधिमंडल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का भ्रमण किया**

**कुलपति डॉ. राज नेहरू और डीन इंटरनेशनल कोलैबोरेशन, प्रोफेसर निर्मल सिंह के साथ की बैठक**



**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** जर्मनी के फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के प्रतिनिधिमंडल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का भ्रमण किया और कुलपति डॉ. राज नेहरू के साथ बैठक की। उन्होंने फेडरेशन से जुड़े 100 से भी अधिक विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ तालमेल की पेशकश रखी है। उनके साथ फेडरेशन के माध्यम से तालमेल होने पर स्किल डेवलपमेंट, रिसर्च, ट्रेनिंग, व्यवसायिक कोर्स के क्षेत्र में काम आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस दिशा में पहले दौर की बातचीत हुई है। इस फेडरेशन से जुड़े ज्यादातर शिक्षण संस्थान व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हैं। बैठक में फेडरेशन के प्रतिनिधि कार्थिकेयन और जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री ऑफ़ एजूकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च की प्रतिनिधि अंतजे वेसल्स और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के डीन इंटरनेशनल कोलैबोरेशन, प्रोफेसर निर्मल सिंह भी मौजूद रहे।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि जर्मन की यह फेडरेशन विश्व के चुनिंदा संस्थानों के साथ तालमेल कर रही है, ताकि वैश्विक स्तर पर स्किल और व्यावसायिक शिक्षा का एक बेहतर इकोसिस्टम विकसित किया जा सके। इसी कड़ी में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने समस्त संभावनाओं पर विचार विमर्श किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय फेडरेशन के माध्यम से इन जर्मन संस्थानों के साथ जुड़ सकता है। यदि यह बातचीत सिरे चढ़ती है तो इससे कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा दिया जा सकेगा। ट्रेनिंग के लिए भी इन संस्थाओं के साथ भागीदारी हो सकती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों का आदान-प्रदान भी संभावित होगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इससे प्रोफेशनल प्रोग्राम विकसित करने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। उन्होंने जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल का श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में काम कर रहे शिक्षण संस्थानों को एक प्लेटफार्म पर आकर आगे बढ़ना चाहिए।

डीन इंटरनेशनल कोलैबोरेशन, प्रोफेसर निर्मल सिंह ने बताया कि इस बैठक के बाद अगले दौर में स्कोप ऑफ़ वर्क पर चर्चा होगी। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किस तरह से सभी शिक्षण संस्थानों के साथ तालमेल बिठाया जा सकता है, इस पर एक व्यापक नीति बनाई जाएगी। प्रोफेसर निर्मल सिंह ने कहा कि जर्मनी में स्किल और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में काफी उन्नत कार्य हो रहा है और देश का पहला कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते यदि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का इस फेडरेशन के साथ समन्वय स्थापित होता है तो आने वाले दिनों में विद्यार्थियों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। साथ ही फैकल्टी भी इससे प्रत्यक्ष लाभान्वित होगी।

# पलवल जिले में 4.75 लाख बच्चों व महिलाओं को खिलाई जाऐंगी एल्बेंडाजोल टेबलेट

**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** 15 फरवरी को जिला पलवल के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों व कॉलेजों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएंगी। इसके अलावा प्रजनन आयु वर्ग की 20 से 24 वर्ष तक की महिलाओं को भी एल्बेंडाजोल टेबलेट दी जाएंगी। कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी व निजी स्कूलों के अलावा कॉलेजों में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खाना खाने के बाद ही खिलाएं। किसी भी बच्चे को खाली पेट व बीमार होने पर एल्बेंडाजोल टेबलेट न खिलाएं। उन्होंने बताया कि 4,75,250 बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी अभिभावकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व अध्यापकों को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कृमि नाशक एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि एनडीडी राष्ट्रीय कृमि मुख्य दिवस वाले दिन 15 फरवरी को जो बच्चे किसी कारणवश एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें आगामी 20 फरवरी को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएंगी।



# बाल विवाह एक कानूनी एवं सामाजिक अपराध है : रेनू भाटिया

**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आज पुलिस व समाजसेवी की सहायता से पलवल के एक गांव में अज्ञानता वश किए जा रहे बाल विवाह को रुकवाने में सफलता प्राप्त की। रेनू भाटिया ने बताया कि जैसे ही आयोग को पलवल के एक गांव में किए जा रहे बाल विवाह की गुप्त सूचना मिली उन्होंने तुरंत सारी जानकारी पलवल पुलिस की बाल विवाह निषेध अधिकारी सुमन चौधरी तथा अपनी प्रतिनिधि एवं पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य समाजसेवी अल्पना मित्तल के साथ साझा करते हुए विवाह रोकने के दिशानिर्देश दिए। उसके उपरांत अल्पना मित्तल और सुमन चौधरी ने एक टीम की तरह काम करते हुए सम्बंधित थाने व चौकी के सहयोग से मौके पर पहुंचकर इस बाल विवाह को रुकवा कर नाबालिग बेटी और उसके परिजनों की काउंसलिंग करते हुए गांव के उपस्थित सभी लोगों को भी इस गलत कार्य के दुष्परिणाम और कानून की विस्तृत जानकारी दी। रेनू भाटिया ने बताया कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री खट्टर जी का स्पष्ट संदेश है कि हमारी भारत की बेटियों को न केवल बढ़ाना और पढ़ाना है बल्कि उन्हें समाज में व्याप्त कुरितियों जैसे बेटा बेटी में अन्तर या बाल विवाह आदि से लड़ कर जीतना भी सिखाना है आज भी कहीं कहीं कुछ लोग अज्ञानता वश अपनी नाबालिग बेटियों के विवाह कर देते हैं जिससे वह भविष्य में अनेक परेशानियों का सामना करती हैं उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सबको भी एक नागरिक के नाते समाज में महिलाओं और बेटियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आगे बढ़ कर अपनी जिम्मेदारियों को निभाना होगा तभी हम एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे।



# अवैध हथियार धारकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी किए गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्टल एवं एक देशी कट्टा किया बरामद



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल रिंकू ने थाना मुंडकटी क्षेत्र अंतर्गत मुंडकटी चौक से एक आरोपी को एक पिस्टल अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

इसी प्रकार दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक विकास कुमार की टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक सिराजुद्दीन के नेतृत्व में टीम ने थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत नई अनाज मंडी होडल से आरोपी को एक कट्टा अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# वृंदावन से घर लौट रहे परिवार की गाड़ी में मारी टक्कर, कार सवार हुए घायल





**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** पलवल-सोहना मार्ग पर धतीर गांव के पास शराब के नशे में एक कार चालक ने दूसरी कार में टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार चालक सहित उसके परिवार की चार महिलाएं घायल हो गई। पुलिस ने घायल कार चालक की शिकायत पर आरोपी कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, गुरुग्राम सेक्टर-चार निवासी रोहित शर्मा ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने परिवार के सदस्य बहन आरूषी, भांजी मायरा, माता नीशा शर्मा व बहन की दोस्त सोनु के साथ अपन कार से मथुरा-वृंदावन (यूपी) में दर्शन करने के लिए गए थे। लेकिन जब दर्शन करने के बाद वापस लौटकर आ रहे थे तो गुरुग्राम आने के लिए पलवल से सोहना जाने वाले मार्ग पर धतीर गांव के पास पहुंचे। उसी दौरान एक स्विफ्ट डीजायर गाड़ी का चालक अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाता हुआ या और उनकी गाड़ी में सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना में गाड़ी में सवार हम सभी घायल हो गए। उसने घायल अवस्था में गाड़ी से उतर कर देखा तो स्विफ्ट कार का चालक शराब के नशे में था व गाड़ी में शराब की बदबु आ रही थी। दुर्घटना के बाद उनकी गाड़ी चलने लायक नहीं रही। जिसके बाद दूसरी गाड़ी का इंतजाम कर हमें उपचार के लिए गुरुग्राम के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया। दुर्घटना में पीड़ित के हाथ पर चोट लगी, भांजी का हाथ टुट गया, बहन आरुषी को पसलियों में चोट लगी, मां के घुटने में चोट लगी व सोनु के सिर व मुह पर चोट लगी, जिनका गुरूग्राम के सरकारी अस्पताल इलाज चल रहा है। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त गाड़ी के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ब्लैंक चेक में मनमर्जी राशि भरकर निकाले जाने के प्रयास में आरोप तय होने पर कनीना मंडी के एक व्यापारी के विरुद्ध पुलिस ने कोर्ट में पेश किया चालान

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दुकान खरीद के लिए बतौर सुरक्षा राशि दिए गए ब्लैंक चेक में मनमानी रकम भरने के आरोप में कनीना सिटी थाना पुलिस द्वारा जालसाज के विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिक के बाद आरोप तय होने पर चालान कोर्ट में दाखिल कर दिया है कनीना सिटी थाना पुलिस ने इस मामले में पीड़ित आलोक गोयल की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति रोहतास के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था वित्तीय वर्ष जुलाई माह में दर्ज किए गए इस केस की जांच पुलिस की आर्थिक शाखा द्वारा की गई थी जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप साबित होने के बाद केस दर्ज किया गया था इस बारे में कनीना मंडी निवासी पीड़ित पक्ष के आलोक गोयल ने एसपी नारनौल को दी शिकायत में कहा था कि वह पिछले 25 सालों से कनीना मंडी में खाद-बीज व कीटनाशक क्रय-विक्रय का कार्य कर रहा है मार्केट कमेटी कनीना के अंतर्गत आरोपी रोहतास की दो दुकानें 30-31 नंबर थी जिन्हें खरीदने का सौदा उन्होंने किया था 14 जनवरी 2022 को तयशुदा राशि देकर उनकी खरीद की गई थी पीड़ित आलोक ने दुकान बैनामा से पूर्व आरोपी रोहतास को पंजाब नेशनल बैंक शाखा कनीना में संचालित फर्म के खाते से चार ब्लैंक चेक बतौर सिक्योरिटी राशि प्रदान किए थे जो दुकानों की रजिस्ट्री होने के बाद भी उपरोक्त चेक वापस नहीं किए गए बाद में आरोपी ने उपरोक्त चेक गुम होना बता दिया और दूसरी तरफ उपरोक्त चेक की राशि क्लेम करने के लिए कोर्ट में वार्ड दायर कर दिया 29 मई 2023 को आलोक के पास एसडीजेएम कोर्ट कनीना से 92,86,450 रुपए देने संबंधी सम्मन पहुंचा तो मानो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई आरोपी की ओर से एनआई एक्ट का वाद सिविल कोर्ट में दायर किया गया था जिसमें आलोक को खल-बिनौला बेचने की बात कहकर उपरोक्त चेक की राशि दिलाने की दलील दी गई थी जबकि आलोक गोयल ने कभी खल बिनोले का व्यापार ही नहीं किया शिकायत पर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गहनता से छानबीन की जिसमें रोहतास द्वारा धोखाधड़ी करना पाया गया पुलिस ने आरोपी रोहतास के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच की जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप ठीक साबित हुए केस दर्ज होने के बाद आरोपी को जिला न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल गई इस केस का चालान पुलिस ने माननीय न्यायालय में दाखिल कर दिया है।

# एनटीपीसी-फरीदाबाद को हरियाणा में सीएसआर पहल के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए इम्पैक्ट अवार्ड्स-2023 से सम्मानित किया गया

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** एनटीपीसी फरीदाबाद को हरियाणा राज्य में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित इम्पैक्ट अवार्ड्स -2023 से सम्मानित किया गया है। 13 फरवरी, 2024 को एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट, सेवा इंटरनेशनल द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रम टॉक फॉर टुमॉरो: कॉर्पोरेट फिलैंथ्रॉपी शेपिंग द फ्यूचर ऑफ न्यू भारत में संगठन को यह सम्मान प्रदान किया गया। यह अवार्ड श्री कृष्णपाल गुर्जर, बिजली और भारी उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार और संसद सदस्य, फरीदाबाद द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने के लिए एनटीपीसी फरीदाबाद की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।




# पोता गांव के दो विद्यार्थियों का नेशनल एथलेटिक्स गेम के लिए हुआ चयन

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव पोता गांव में निजी स्कूल में अध्यनरत दो विद्यार्थियों का नेशनल एथलेटिक्स गेम में चयन होने पर परिजनों तथा विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जताई है पंकज कुमार ने बताया कि नेशनल एथलेटिक्स गेम में जितेंद्र व सुमित निवासी पोता का चयन हुआ है जो गुजरात के अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे आरएचसीएम स्कूल के संस्थापक रविंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले के कुल 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिसमें दो विद्यार्थी पोता के शामिल हैं।





# होली का डांडा दशहरा मैदान में

**सिटी 24 न्यूज/बल्लभगढ़।** बसंत पंचमी के उपलक्ष में देव सेना के तत्वाधान में आज दिनांक 14 फरवरी 2024 को दशहरा मैदान बल्लभगढ़ में शहर के 21 वरिष्ठ नागरिकों द्वारा होली का डांडा गाड़ा गया आगामी 24 मार्च 2024 को होली पूजन दशहरा मैदान में किया जाएगा। देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी ने आए हुए सभी वरिष्ठ नागरिकों का तिलक लगाकर पटका पहनकर और चरण स्पर्श कर स्वागत किया। जिनमें प्रमुख रूप से मनोहर लाल शर्मा, नेत्रपाल बिसला, सीएल शर्मा, चौधरी राम रतन, चौधरी उमराव सिंह, चौधरी फौरन सिंह, पंडित चिरंजी लाल शर्मा,अमर सिंह, लालचंद, लख्मी, रामहेत, शिवचरण, राम प्रकाश, योगेश, नानूराम शर्मा, चेतराम, राकेश सिंह, आनंद सिंह तोमर, पंडित योगेश शर्मा, पंडित रामबाबू, प्रेमपाल और कृष्णा यादव आदि 21 वरिष्ठ नागरिकों ने विधिवत्त पूजा अर्चना कर होली का डांडा गाड़ा। श्री सैनी ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के आरंभ में यज्ञ करके विधिवत पूजा अर्चना की गई। पंडित अर्जुन कौशिक ने कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती पूजन और यज्ञ कराया सभी ने यज्ञ में अपनी आहुति दी और विधिवत भूमि पूजन कराया। राकेश चौधरी ने प्रार्थना की। कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने किया इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव गौरव शर्मा राष्ट्रीय प्रचार सचिव एनके वर्मा जिला अध्यक्ष योग प्रकोष्ठ नेमवीर चौधरी राकेश चौधरी युवा अध्यक्ष धर्मवीर भाटी प्रदीप मंगल संगठन सचिव कृष्ण यादव दीपक, युवा सचिव अभिषेक गुप्ता और ललित ठाकुर ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में श्री सैनी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

# किसानों का जमावड़ा फिर

उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में किसानों का दिल्ली मार्च शुरू करना कोई अच्छा संकेत नहीं है। लेकिन जिस तरह से पंजाब और हरियाणा की सीमा पर इन किसानों को रोकने के लिए पुलिस की ओर से कथित तौर पर ड्रोन के जरिए आंसू गैर बसाए गए, उसके विजुअल परेशान करते हैं। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि किसानों की सभी मांगें वाजिब हैं।

**किसान आंदोलन 2.0 :** जिस तरह की तैयारियों के साथ किसानों के अलग-अलग जत्थे आ रहे हैं, उससे लगता है कि वे इस बार भी लंबे आंदोलन का मन बना चुके हैं। अगर ऐसा हुआ तो उसका मतलब होगा राष्ट्रीय राजधानी के इर्दगिर्द लंबे समय की जत्थेबंदी जिससे न केवल दिल्ली-NCR में रहने वालों का दैनिक कामकाज बाधित होता है बल्कि बाहर यह संदेश भी जाता है कि देश में शायद सबकुछ ठीक-ठाक नहीं है।

**मांगें अव्यावहारिक :** किसानों की तरफ से जिसे मुख्य मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह है MSP यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी। यह मांग अव्यावहारिक है। यह समझना जरूरी है कि ऐसी कोई भी गारंटी वास्तव में महज एक कागजी वादा होगी। अनुभव बताता है कि यह वादा अमल में नहीं आता।

**डिमांड-सप्लाई :** मिसाल के तौर पर, भारत सरकार 22 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है, लेकिन इन सबका फायदा किसानों को नहीं मिल पाता। उन्हें फसल के लिए डिमांड और सप्लाई के आधार पर बाजार में निर्धारित मूल्य ही मिल पाते हैं। MSP का असर मुख्यत: दो ही फसलों पर दिखता है और वे हैं धान-गेहूं।

**सरकारी खरीद :** जो बात MSP को कारगर बनाती है, वह है सरकारी खरीद। इसके बगैर न्यूनतम समर्थन मूल्य बेमानी हो जाता है। इसकी पुष्टि धान और गेहूं के मुकाबले बाजरे की खेती पर नजर डालने से हो जाती है। 2014-15 से 2023-24 के बीच धान (सामान्य किस्म) पर रुस्कसालाना औसतन 5.4 फीसदी और गेहूं पर 5.1 फीसदी की दर से बढ़ी, जबकि बाजरे पर 8 फीसदी की दर से।

**खेती नहीं बढ़ी :** ज्यादा MSP के बावजूद बाजरे का रकबा 2011-12 से 2021-22 के बीच 24 फीसदी सिकुड़ गया, जबकि धान और गेहूं की खेती के इलाके में थोड़ी बढ़ोतरी हुई। साफ है कि किसान इस तथ्य को समझते हैं कि सिर्फ MSP घोषित कर देने से उन्हें फायदा नहीं हो जाता। असल बात यह है कि उन्हें बाजार में सही मूल्य मिले।

**सरकारी नजरिया :** लेकिन सवाल यह भी है कि पिछले आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले सहमति के बावजूद अभी तक वापस क्यों नहीं लिए गए। कई मामलों में उस दौरान जब्त किए गए ट्रैक्टर अभी तक नहीं छोड़े गए हैं। किसानों की ये शिकायतें बिल्कुल वाजिब हैं। उनकी मांगों की सूची में ऐसी और भी चीजें देखी जा सकती हैं, जो तर्कसंगत हों। उन पर सही कदम तत्काल उठाए जाएं और MSP की अव्यावहारिकता उन्हें समझाई जाए।

## नगर पालिका चुनाव के लिए मतदाता सूचियां तैयार करने की अधिसूचना चुनाव आयुक्त ने ली वापिस, काम रोका गया

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** नगर पालिका हथीन के चेयरमैन एवं पार्षदों के चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए जो अधिसूचना जारी की थी, वह अब वापिस ले ली गई है। इस कारण मतदाता सूचियां तैयार करने का काम फिलहाल रोक दिया गया है। नगर पालिका सचिव देवेंद्र कुमार माथुर ने बताया कि अधिसूचना वापिस लेने के आदेश आ चुके हैं। अब मतदाता सूचियों को तैयार करने का काम बंद कर दिया गया है। अधिसूचना के तहत पालिका चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 18 मार्च को होना था। इसके लिए 14 बूथ लेवल ऑफिसर्ज की ड्यूटी लगाई गई थी। अधिसूचना वापिस लेने के बाद अब यह लग रहा है कि फिलहाल नगर पालिका चुनाव अब नही होंगे। सम्भव है कि अब लोकसभा चुनाव के बाद ही अब पालिका चुनाव होंगे। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका हथीन का कार्यकाल 30 जून 2023 को ही समाप्त हो चुका है। वर्तमान में पालिका का कार्यभार एसडीएम बतौर प्रशासक सम्भाल रहे हैं।

## फब्तियां कसने वाले बदमाशों की कसा पुलिस ने शिकंजा

**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** सोहना में छात्राओं को छेड़ना अब मनचलों को महंगा पड़ेगा। स्कूल जाती लड़कियों पर फबतियां कसने वाले बदमाशों की अब खैर नहीं है। छेड़खानी करने वाले लड़कों पर पुलिस अब कड़ी कार्रवाई करेगी।सोहना पुलिस अब लड़कियों को अपना नंबर दे रही हैं. स्कूल की छुट्टी के बाद पुलिस घर तक छात्राओं को छोड़ती है। सड़कों पर वाहनों को रोक कर उन्हें सड़क पार कराई जाती है। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में मनचलों लड़कों और अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। लड़कियां भी अब सुरक्षित महसूस कर रही है। नागरिकों की शिकायत पर एक स्पेशल टीम बनाई गई है सब इंस्पेक्टर राजवीर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम अपना काम कर रही है पुलिस इस मामले में काफी सख्त है व छात्राओं की सुरक्षा के लिहाज से पुलिस यह काम कर रही है हर चौक चौराहे पर सादे लिबास में महिला पुलिस भी तैनात है। पुलिस के इस विशेष ऑपरेशन से छात्राएं काफी खुश हैं। छात्राओं का कहना है कि पुलिस कार्रवाई से अब हम लोग सुरक्षित हैं. आते-जाते सड़कों पर मनचले परेशान किया करते थे. इधर अब मनचले सड़क पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। छात्राओं में पुलिस की इस कार्रवाई से काफी खुशी है. छात्रों को कहना है कि स्कूल प्रशासन ने भी छात्रों को आने-जाने के लिए वाहनों की इंतजाम किया है वह हर समय स्कूल का स्टाफ छात्रों का पूरा सहयोग कर रहा है।

## 16 फरवरी को हड़ताल में जिलेभर से पहुंचेंगे हजारों बिजलीकर्मी : नाहर सिंह



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी।** बिजलीकर्मियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर कल आयोजित होने वाली देशव्यापी हड़ताल मे जिलेभर से हजारों कर्मचारी हिस्सा लेंगे। इस बारे में जानकारी देते यूनिट प्रधान नाहर सिंह ने बताया की जिले की सभी सब अर्बन युनिट के तहत सभी यूनियनों के प्रधान सचिव और कार्यकरिणी सदस्य कर्मचारी हड़ताल में भाग लेगें। उन्होंने बताया की यूनियन के सभी पदाधिकारियों और सदस्य कार्यालयों में पहुंचकर विभाग के सभी कर्मचारियों को हड़ताल के लिये प्रेरित किया जा रहा है। नाहर सिंह ने बताया की जिलेभर से हजारों की संख्या में कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। वहीं उन्होंने ने यूनियन के पदाधिकारियों से अपील करते हुये कहा की कल होने वाली हड़ताल में सभी कर्मचारी भाग ले और कर्मचारियों के पास मौका है की जिला के सभी कर्मचारी अपनी ताकत दिखाने का काम करें। इस अवसर पर सिवानी सब यूनिट के प्रधान राजेश सुरा भी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का प्रवेश द्वार बनाने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 339वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रणधीर पहलवान बागोत ने की। उन्होंने कहा कि शीत लहर के बावजूद वाहनों का प्रवेश द्वार बनाने को लेकर ग्रामीण धरने पर डटे हुए हैं उन्होंने कहा कि पिछले सालभर से



ग्रामीण इस मांग को लेकर शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं ठंड में बिमार होने के बाद भी उनका जोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि सर्दी के बीच धरना स्थल पर उनके एक साथी की शहादत भी हो चुकी है ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं। सरकार आश्वासन के अलावा धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर रामभज विजयपाल, नाथूराम, सतवीर सिंह, बाबूलाल, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

## बसंत पंचमी पर सूरजकुंड मेले की शाम सांस्कृतिक संध्या परिक्रमा बैंड दिल्ली के नाम रही

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** बसंत पंचमी के मौके पर 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले की शाम सांस्कृतिक संध्या एशियन प्रसिद्ध परिक्रमा बैंड दिल्ली के नाम रही। जहां एशियन देशों के विख्यात कलाकार सुधीर मलिक की टीम द्वारा दर्शकों से भरी मुख्य चौपाल का माहौल संगीत मय हुआ।

37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले की सांस्कृतिक संध्या में सुधीर मलिक ने अपने संगीत मय अंदाज से चौपाल पर बैठे दर्शकों को मद मस्त किया। सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम की शुरूआत देश विख्यात कलाकार सुधीर मलिक और उसके परिक्रमा बैंड की टीम के कलाकारों ने साथ की। एशिया का ब्रीग परिक्रमा बैण्ड राक एण्ड रोल म्युजिक है। इस बैण्ड की विश्व में अलग पहचान है। यह म्यूजिक पर कापी राईट नहीं बनाता बल्कि इंडियन क्लासिकल, वेस्टर्न का मैन म्यूजिक है। सुधीर मलिक की टीम ने वीवैव के संगीत पर चौपाल पर बैठे दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं ऐ ऐ ऐ ऐ की धुन पर मेले की मुख्य



चौपाल के माध्यम से सुधीर मलिक की टीम के बैण्ड के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर प्रेम रंग में सबको गुनगुनाने के साथ-साथ किलकारियां मारने पर मजबूर कर दिया।

बता दें कि 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में 50 देशों के शिल्पकार और कलाकार भाग ले रहे हैं। पार्टनर कंट्री तंजानिया है और थीम स्टेट गुजरात तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पार्टनर के रूप में नार्थ ईस्ट अर्थात अष्ट लक्ष्मी प्रांतों के कलाकारों द्वारा भागीदारी की गई है।

## सामूहिक विवाह समारोह समाज को करते हैं एक नई दिशा देने का काम : मूलचंद शर्मा

**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज बुधवार को प्रजापति समाज द्वारा बल्लबगढ़ की अनाज मंडी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कैबिनेट मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह समारोह समाज को एक नई दिशा देने का काम करते हैं, जिससे दहेज प्रथा जैसी बुराइयों पर भी रोक लगाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह से आयोजन से समाज में भाईचारे की भावना को भी बल



मिलता है और इसे रिश्ते लंबे समय तक चलते है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापति समाज ने पहले भी इस तरीके के आयोजन कर समाज को आगे बढ़ने का काम किया है। सामूहिक विवाह समारोह समाज में एक भाईचारे की मिसाल के तौर पर उदाहरण पेश करते है। सामूहिक विवाह/ शादी समारोह में सभी नव विवाहित जोड़ों को परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने अपना आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने पर प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा का हरियाणा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री श्री रामेश्वर प्रजापति फरीदाबाद के ओबीसी मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष भगवानसिंह और प्रजापति समाज के साथ-साथ अन्य समाज के आए हुए गणमान्य लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा,आरएसएस के गंगा शंकर मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भिक्की राम, नानकचंद, धनीराम, धर्मवीर प्रजापति आरसी गोला, मुकेश डागर, बुद्धा सैनी, राकेश गुर्जर महेंद्र तेवतिया दुर्ग पाल सिंह साहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शॉर्ट स्टोरी राइटिंग प्रतियोगिता में ब्रेसलिया आर्य व हीवा रहे अव्वल

**सिटी 24 न्यूज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में हर रोज अलग-अलग स्कूली विद्यार्थियों की विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को निखारने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है। बुधवार को प्रश्नोत्तरी व लघु कथा लेखन की जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं। प्रश्नोत्तरी की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में आर्शिवाद पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के अथर्व ने प्रथम, अल्पजा कॉन्वेंट स्कूल फरीदाबाद के वैभव ने द्वितीय और आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की श्रिया झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में नालंदा पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के रजनीश ने प्रथम, आदर्श पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की मनीषा ने द्वितीय तथा रैयान इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद की गर्विता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार लघु कथा लेखन के जूनियर वर्ग के मुकाबले में सैंट एंथॉनीज सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद के ब्रेसलिया आर्य ने प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की



इशिका चौधरी ने द्वितीय और मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की अंशिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लघु कथा लेखन के सीनियर वर्ग के मुकाबले में सैंट जॉन स्कूल सेक्टर-49 फरीदाबाद के विद्यार्थी हीवा ने प्रथम, मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की प्रिया ने द्वितीय और सैंट एंथॉनीज सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद के हार्दिक गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशसति पत्र के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर मौके पर सम्मानित भी किया गया।

## बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में रा.व.मा.वि.टांई में लगाया गया आयुष स्वास्थ्य कैम्प : डा. यशबीर गहलावत

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में रा.व.मा.वि. टांई में फ्री आयुष चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि मास्टर जमील अहमद टांई, डा. यशबीर गहलावत, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह, मास्टर अशरफ हुसैन, डा. शशांक, डा. मौ. अरसद व डा. सीमा द्वारा दीज प्रज्जवलित कर किया गया व मां सरस्वती की फोटो पर पुष्प अर्पित



किए। इस कैम्प में आयुर्वेदिक यूनानी, होम्योपैथिक, योग व पंचकर्म पद्धति द्वारा सभी प्रकार की जटिल की बीमारियों का फ्री ईलाज किया गया और फ्री दवाईयों का वितरण किया गया।

इस कैंप में बच्चों, महिलाओं व वृद्धों का ईलाज किया गया जिसमें 40 मरीजों को खुन की कमी के लिए भी दवाईयां दी गई। इस कैम्प में 42 मरीजों का बी.पी. व शुगर आदि चैक किया गया। इस कैम्प में कुल 402 लोगों को लाभानवित किया गया। इस कैम्प में डा. तरुण शर्मा पंचकर्मा स्पेशलिस्ट द्वारा पंचकर्मा व हरि किशन व राजेश कुमार योग सहायक द्वारा उपस्थित लोगों को योगा कराया गया व इसके लाभों के बारे में आमजन का बताया गया । इस कैम्प में डा. अरुण शर्मा, डा. संजय, डा. हेमराज, डा. असलम अली, डा. जुबेर अहमद, डा. राशिद, डा. आबिद, डा. अतुल व जफर अहमद, जुबेर अहमद सहित अन्य आयुष स्टाफ उपस्थित रहा।

# पीएम मोदी की रेवाड़ी रैली ऐतिहासिक होगी ओर हजारों की संख्या मे लोग पहुँचेगे : चौधरी जाहिद हुसैन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी जाहिद हुसैन आगामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को हरियाणा के रेवाड़ी में होने वाली रैली के लिए मेवली,बाई, ऊंटका मुरादाबाद खेडला,दिहाना,मालब,आकेडा,सलम्बा, वीरसिंका देवन नंगली अलालपुर सहित दर्जनों गांव में रैली का न्योता देने पहुंचे।जाहिद हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा को एम्स का एक और तोहफा देने आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी दौरे को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ऐसे में निश्चित रुप से यह रैली अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होगी।देश और दुनिया के सबसे बड़े नेता नरेंद्र मोदी हमारे बीच आ रहे हैं, ये हम सबके लिए गौरवशाली की बात है. उन्होंने कहा कि जिले की नूँह विधानसभा पुनहाना फिरोजपुर झिरका से हजारों हजारों लोग रैली में पहुंचेंगे।लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुनने को लेकर विशेष उत्साह है। चौधरी जाहिद हुसैन ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल जी गुड़गांव लोकसभा से प्रिय सांसद राव इंद्रजीत सिंह जी रेली को संबोधित करेंगे आज देश



और प्रदेश की सरकार का गरीब किसान मजदूर को जो सीधा लाभ मिल रहा है वह अपने आप में ऐतिहासिक है खास तौर से मेवात में नौकरियों में बगैर पर्ची और बगैर खर्ची के हजारों नौकरियां मेवात के नौजवानों को मिली हैं इसके लिए भी हम देश और प्रदेश की सरकार का धन्यवाद करते हैं इस मौके पर नसीम सरपंच बाई, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री रफीक, सोशल मीडिया के हरियाणा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी नदीम सलंबा, कासिम बिलाल, बरकत अली, नियामत अली, अरशद खान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# एस आर एफ फाउंडेशन ने कराया शैक्षणिक / निपुण मेला मेला का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एस आर अफ फाउंडेशन द्वारा रेहना स्कूल में शैक्षणिक /निपुण मेला का आयोजन कराया गया जिसमें 19 गांव के 42 स्कूलों ने भाग लिया। इस मेले मे 80 अध्यापक और 600 छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चों तथा अध्यापक द्वारा स्टॉल लगाई गई जिसमें वर्किंग टी एल एम तथा विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल तथा विशिष्ट अतिथि कुसुम मलिक जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर, रामकिशन जिला विज्ञान विशेषज्ञ, खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश यादव, गेट्टी कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार उपस्थित रहे।





इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों तथा बच्चों के प्रयासों को सराहा तथा उन्होंने कहा कि सभी द्वारा उत्कृष्ट टी एल एम बनाएं गए हैं। डी एस एस तथा कुसुम मलिक ने भी बच्चों के प्रयासों को सराहा। इस अवसर पर विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अध्यापकों ,मुख्य अध्यापकों, सरपंचों, एस एम सी प्रधानों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें इनाम प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने एसआरएफ फाऊंडेशन के प्रयासों को सराहा।

इस अवसर पर एस आर एफ फाउंडेशन की सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर निशा जुनेजा, प्रोग्राम ऑफिसर कमलेश्वर मिश्रा गुणानिधि मलिक, खोड़ बसई कन्या विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमित्रा यादव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संचालक रेहना स्कूल के मुख्य अध्यापक स्नेश कुमार तथा विद्यालय स्टाफ का प्रमुख योगदान रहा। इस अवसर पर घासेड़ा, सौंख और खेरला स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# सोमाणी कॉलेज ने मनाया बसंत पंचमी का त्यौहार

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सोमाणी कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्देशक अमित कुमार ने कहा बसंत पंचमी हिंदू धर्म के सबसे खास त्यौहारों में से एक है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी का धार्मिक महत्व होने के साथ सामाजिक महत्व भी है। यह जीवन में नई चीज शुरू करने का एक शुभ दिन है। इस मौसम में पेड़ों पर नव कोपलें आनी शुरू हो जाती हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज के उपनिदेशक नितेश शर्मा ने कहा यह त्यौहार माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। हिंदू परंपराओं के अनुसार पूरे वर्ष को 6 ऋतुओ में बांटा गया है, जिसमें बसंत को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। जिस



दिन से बसंत ऋतु की शुरुआत होती है उस दिन को बसंत पंचमी के पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रोफेसर ओम, प्रोफेसर मुस्कान, प्रोफेसर सोनाली, प्रोफेसर विमल, प्रोफेसर संजीव, प्रोफेसर जैक, प्रोफेसर दीपिका, मोनिका अनीता, सूरज, राम महर आदि लोग उपस्थित रहे।

# कल भालखी माजरा में एम्स की आधारशिला रखेंगे पीएम मोदी : नायाब सिंह सैनी

## प्रदेश अध्यक्ष नायाब सिंह सैनीं ने एम्स स्थल का किया दौरा



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायाब सिंह सैनीं ने 14 फरवरी बुधवार को रेवाड़ी में भालखी माजरा गांव में बनने वाले एम्स का दौरा कर जायजा लिया। सभा स्थल का दौरा करने से पूर्व श्री सैनीं मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कहा की यह हम सब के लिए गौरव की बात है 16 फरवरी को पीएम मोदी एम्स की आधारशिला रखेंगे। हम उनका रेवाड़ी आगमन पर भारी स्वागत करेंगे। पीएम मोदी एम्स की सौगात के साथ साथ हरियाणा को कई परियोजनाएँ देंगे। इस समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह करेंगे।

उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा कि इस एम्स की आधारशिला समारोह में भाग लेकर इस नायाब तोहफे के भागीदार बने। पत्रकारों के किसान आंदोलन को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि कांग्रेस ने देश पर 50 साल राज किया मगर किसान के लिए कुछ किया हो तो बताएं। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने किसानों की फसल बीमा, पेंशन योजना, केसीसी व किसान को बिजली देने की बात हो या फिर एमएसपी की बात हो सबसे ज्यादा लाभ दिया है। कुछ लोग इन भोले भाले किसानों को बहका रहे हैं। परिवारवाद की राजनीति पर कहा कि मोदी जी पहले भी शपष्ट कर चुके है कि परिवारवाद की परिभाषा वह है कि जिसमे एक ही परिवार सदस्य अध्यक्ष, सीएम व देश का पीएम बनता है। इस से देश का काफी नुकसान होता है। सहकारिता विभाग में लगभग 100 करोड़ के घोटाले पर कहा कि ये मोदी जी की व मनोहर लाल जी की सरकार है। इसमें किसी भी भृष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। जो भी अधिकारी होंगे उन पर जरूर कार्यवाही होगी।

इस अवसर पर राई के विधायक मोहनलाल बड़ौली, कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, हरियाणा ट्यूरिज्म चेयरमैन डॉ अरविंद यादव, पूर्व मंत्री जसवंत बावल, पूर्व मंत्री विक्रम ठेकेदार, प्रभारी एवं पूर्व विधायक नसीम अहमद, परिवार पहचान पत्र कोऑर्डिनेटर डॉ सतीश खोला, प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, खोल मंडल अध्यक्ष जीतू चेयरमैन, जिला मीडिया प्रभारी बिजेंद्र डहीना, सोशल मीडिया प्रभारी एडवोकेट नितेश अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष निखिल मँढिया, भाजपा नेता जीवन राम गर्ग सहित अनेक सरपंच व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन ने मांगो को लेकर कांग्रेस विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन की रेवाड़ी जिले के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव के निवास स्थान पहुंचकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कॉलेज टीचरों ने बताया हमारे उच्चतर शिक्षा निदेशालय में वेतन, पद्दोन्नति जैसे समयबद्ध रुटीन के कामों का ढेर लगा हुआ है। ऐसे लंबित कामों के कारण नए काम भी नहीं हो रहे हैं। सलाह के नाम पर एक विभाग से दूसरे विभाग फाइल भेज कर सुध नहीं ली जाती। जो कार्य समय अनुसार विभाग में होने चाहिएं उन को अनेक बहानों से कई-कई साल से लटकाया हुआ है। जैसे - असिस्टेंट प्रोफेसर के एकेडमिक पे-लेवल 11 और 12 (क्रमशः सीनियर स्केल व सिलेक्शन ग्रेड) प्रदान करने में इंटरव्यू का अनावश्यक प्रावधान न जोड़ा जाए। इंटरव्यू जोड़ना खुद हरियाणा सरकार के 11.11.2022 के नोटिफिकेशन तथा यूजीसी के नियमों का उल्लंघन होगा। शिक्षकों के पहले दोनों स्केल सीनियर व सिलेक्शन तथा एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पद पर सीएएस प्रमोशन वर्ष में दो बार निश्चित रूप से की जाए ताकि भविष्य में नियमतः देय स्केल में अकारण देरी न हो। टीचर्स ने आगे बताया ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का एसोसिएशन ने, सभी राजकीय महाविद्यालयों ने स्वागत किया था लेकिन राजकीय महाविद्यालयों की वास्तविक परिस्थितियों के मद्देनजर, एसोसिएशन के द्वारा दिये गए सुझावों को शामिल नहीं करने के कारण मुख्यमंत्री जी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट माननीय उच्च न्यायालय में उलझ कर, हमारे लिए मात्र सपना ही रह गया। विधायक चिरंजीव राव ने कहा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन की मांगे जायज है। सरकार को उपरोक्त सभी मांगों को जल्द से जल्द मानना चाहिए। वही 20 फरवरी से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र में भी टीचरों की सभी मांगों को जोर-शोर से रखा जाएगा।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा मौजूदा सरकार में सभी परेशान हैं टीचर्स ही नहीं, पटवारी व कानूनगो भी धरने पर बैठे हैं, इससे पहले नंबरदार व चौकीदारों ने भी मुझे ज्ञापन दिया था और क्लर्क भी अपनी मांगों को लेकर धरना दे चुके हैं। एन एच एम कर्मचारी भी परेशान है। मौजूदा भाजपा सरकार कर्मचारी विरोधी है। नौकरी देना तो दूर की बात है सरकारी कर्मचारियों को समय पर ना तो सैलरी मिलती है और ना ही उनकी मांगों को पूरा किया जा रहा है। विधायक चिरंजीव राव ने आश्वासन दिया कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा किया जाएगा।

# विजय का केंद्रीय विश्विद्यालय राजस्थान में भौतिकी विज्ञान में शोध पर हुआ चयन

## ब्राहमण समाज रेवाड़ी ने दी शुभकामनाएं

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** ब्राह्मण सभा जिला रेवाड़ी के कार्यकारिणी सदस्य पं महेंद्र सिंह शर्मा के सुपौत्र उपमंडल के नजदीकी गांव बास रतनथल के विजय कुमार सुपुत्र जय भगवान शर्मा का केंद्रीय विश्वविद्यालय में भौतिकी विज्ञान में शोध के लिए चयन हुआ। विजय कुमार केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के प्रोफेसर डॉ ० नीरज पंवार के निर्देशन में नैनो मैटेरियल पर शोध करेंगे। विजय कुमार ने अपनी इस उपलबधि के लिए हिंदू कॉलेज सोनीपत के भौतिकी विषय के व्याख्याता डॉ ० संदीप चौहान के मार्गदर्शन को अहम माना। विजय कुमार के पिता डॉ ० जय भगवान शर्मा एक निजी विद्यालय में प्राचार्य के पद पर



कार्यरत हैं व उनकी माता भी शिक्षिका हैं। विजय कुमार ने अपनी इस उपलबधि के लिए विशेष श्रेय अपने चाचा श्री हरिओम शर्मा जो कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत हैं उनको दिया। इन्होंने बताया कि ये मुझे ऐसा करने के लिए हर समय प्रेरित करते रहे हैं और मैने पहले ही प्रयास में अपने बुजुर्गों और शिक्षकों के आशीर्वाद से चयन हुआ। विजय कुमार ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से भौतिकी ऑनर्स में स्नातक व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से भौतिकी में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। विजय कुमार अपने तीन बहन भाईयों में सबसे बड़े हैं व इनकी एक बहन दंत चिकित्सा का कोर्स कर रही है व दूसरी बहन दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से जूलॉजी ऑनर्स में स्नातक की पढ़ाई कर रही है। विजय कुमार की इस उपलबधि पर ब्राह्मण सभा जिला-रेवाड़ी के प्रधान चंद्रशेखर गौतम ने कहा कि विजय कुमार ने परिवार का ही नहीं अपितु समस्त क्षेत्र व ब्राह्मण समाज का गौरव बढ़ाया है और समस्त सभा उनकी उपलबधि पर अपनी शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान करते हैं और ब्राह्मण सभा जिला-रेवाड़ी विजय कुमार के स्वर्णिम उज्जवल भविष्य और सुखद स्वास्थ्य की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते है। समस्त समाज व सभा और समस्त परिजनों में हर्ष व उल्लास का माहौल है। इस मौके पर उप प्रधान दीपक मुदगिल, महासचिव हेमन्त भारद्वाज, कोषाध्यक्ष खुशहाल शर्मा, सहसचिव राजेश वशिष्ठ, पूर्व कार्यकारी प्रधान प्रेम कौशिक, मैनेजर जयकुमार कौशिक, दीपक शर्मा, सुरेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र तिवाडी, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, नरेश शर्मा, महिला प्रधान सरोज भारद्वाज, युवा प्रधान कपीश शर्मा, दिलीप शास्त्री व सभा व समाज के गणमान्य लोग व कोलोजियम सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सीएम ममता बैनर्जी का पुतला फूंका

**पीएम मोदी का भव्य स्वागत करने का महिला प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी ने किया आह्वान।**

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा उषा प्रियदर्शनी का रेवाड़ी पहुंचने पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ड़ॉ कविता गुप्ता व उनकी कार्यकारिणी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। महिलाओं ने मोदी जी के सम्मान में बनाए हुए भजन व गीत गए जिस पर प्रदेशअध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी बहुत खुश हुई। उन्होंने महिलाओं को



भाजपा सरकार की उपलबधियां बताई व 16 फरवरी को पीएम मोदी जी द्वारा किये जाने वाले एम्स के शिलान्यास अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। ततपश्चात भाजपा की महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा फूंका पुतला फूंका गया। महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने कहा की पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहा है। भाजपा पश्चिम बंगाल सरकार की व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कड़ी आलोचना करती है। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ कविता गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनीता गुड़ियानी, पूर्व जिला पार्षद नीतू चौधरी, कृपा जैमिनी, चांदनी चांदना, कुमारी गीता सहित अनेक गणमान्य महिला नेता उपस्थित रही।

# किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाना बिलकुल नाजायज : का बलबीर सिंह

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने आन्दोलन में शामिल किसानों पर अश्रु गैस का इस्तेमाल करने जैसी दमनात्मक कार्रवाई करने की निंदा की है। किसानों के संगठन चाहे कोई भी हों, सभी को आंदोलन करने का हक है। सरकार व प्रशासन द्वारा उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाना बिल्कुल नाजायज है। संगठन ने हरियाणा-पंजाब बॉर्डरों के अलावा करीबन पूरे हरियाणा में जगह-जगह सड़क मार्ग को बंद कर लोगों की सामान्य आवाजाही रोकने व कई जिलों में इन्टरनेट बन्द कर धारा 144 लगाने की कड़ी आलोचना की है। इससे प्रदेश के लोगों को बेवजह भारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। साथ ही किसान संगठन एआईकेकेएमएस ने 16 फरवरी के ग्रामीण भारत बंद को सफल बनाने की अपील की है।

# शहरपुर में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 215 रोगियों की जांच

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल पटीकरा की ओर से आज राजकीय प्राथमिक पाठशाला शहरपुर में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि राजबीर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। शिविर में 215 लोगों की जांच की व निशुल्क दवाइयां वितरित की। प्राचार्य डा. श्रीनिवास गुज्जरवार ने बताया कि शिविर में जोड़ों के दर्द, चमड़ी के विकार, सांस की बीमारियों की जांच करके निशुल्क औषधियां वितरित की।

इस मौके पर औषधीय पौधे वितरित किए गए। मरीजों को बीमारी के अनुसार योग की जानकारी दी गई। मुफ्त शुगर जांच की गई। शिविर में डा. अनिल यादव, डा. गंगा विष्णु, डा. अनिल, डा. जितेंद्र, डा. रितेश, डा. शशी, डा. विभा व डा. संदीप कुमार ने मरीजों की जांच की।

# एडवोकेट कमल निम्बल बने नूहं जिले के प्रभारी



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी न्यायालय में कार्यरत्त अधिवक्ता कमल निम्बल प्रदेश सचिव भाजपा एससी मोर्चा हरियाणा को प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एससी मोर्चा हरियाणा विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने नूहं जिले का प्रभारी नियुक्त किया है जिला प्रभारी का दायित्व मिलने पर अधिवक्ता कमल निम्बल ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरियाणा व सांसद कुरुक्षेत्र नायब सिंह सैनी व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष व हाई कमान द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उस पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे।

# बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो गिरफ्तार, 07 वारदातों का खुलासा



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए चौकी गोकल गेट पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक बाइक को बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया कि मौहल्ला टी पी स्कीम रेवाडी निवासी दीपक गुप्ता ने अपनी शिकायत ने बताया कि उसकी बाइक मकान के अन्दर खड़ी थी। दिनांक 11 फरवरी 24 की रात्री को किसी नाम पता नामालूम व्यक्ति ने उसके मकान के गेट का ताला तोड़ कर उसकी बाइक को चोरी कर लिया है। जिस पर पुलिस ने थाना शहर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को मामले में दो आरोपी मोहल्ला हंस नगर रेवाड़ी निवासी सोनू उर्फ बजरंगी व जिला महेंद्रगढ़ के मोहल्ला बागड़ीयान निवासी अंकित को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने थाना शहर व माडल टाऊन इलाके की अलग अलग जगहों से 04 बाइक, 01 स्कूटी व अन्नपूर्णा हस्पताल के सामने एक गाड़ी का शीशा तोडकर नकदी चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# परिवार पहचान पत्र के स्टेट को- ऑर्डिनेटर ने कहा सीएससी वाले अनट्रेंड, आय वेरिफिकेशन भी हुआ गलत

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** परिवार पहचान पत्र के स्टेट को - ऑर्डिनेटर सतीश खोला ने एक प्रोग्राम में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक अनट्रेंड है और फीस भी मनमानी लेते है। किसी भी नागरिक को सीएससी केंद्रों पर जाने की जरूरत नही है। आप अपने घर बैठे सिटीजन लॉगिन से परिवार पहचान पत्र में करेक्शन कर सकते है। इसके बाद जिला महेंद्रगढ़ में सीएससी संचालकों में हड़कंप सा मच गया है। उन्होंने सतीश खोला पर ही आरोप लगाने शुरू कर दिए है।

सीएससी संचालकों ने कहा कि नागरिकों की आय वेरिफिकेशन हमसे करवाई गई है। इसका मतलब साफ साफ हो गया कि आय वेरिफिकेशन गलत हुई है। सरकार को दोबारा से आय वेरिफिकेशन करवानी चाहिए। परिवार पहचान पत्र भी हमने बनाए है जो कि सभी गलत है। परिवार पहचान पत्र भी सरकार को सभी नागरिकों के दोबारा से बनवाना चाहिए। सतीश खोला भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए परिवार पहचान पत्र के स्टेट कोऑर्डिनेटर है। अब वो एक प्रोजेक्ट अधिकारी है लेकिन प्रेस कांफ्रेंस करते है तो अपने पीछे भाजपा सरकार का होलडिंग रखते है जो कि सरासर गलत है । सरकार द्वारा किसी भी प्रकार के कैंप आयोजित किए जाते है तो नि:शुल्क सीएससी सेंटर वाले कार्य करते है। लेकिन सतीश खोला ने अनट्रेंड के साथ साथ सीएससी संचालकों को चोर भी कहा है। सीएससी संचालकों ने सरकार को कहा है चोर कोन है ये चुनाव के वक्त ही बताया जाएगा। सीएससी संचालकों ने चुनौती देते हुए कहा है जब तक सतीश खोला सभी सीएससी संचालकों से माफी नहीं मांगते है हम परिवार पहचान पत्र के किसी भी प्रकार के कार्य नही करेंगे।

# 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में अब तक पहुंचे लगभग 9 लाख पर्यटक

## बुधवार को पहुंचे लगभग एक लाख से ज्यादा पर्यटक

**सिटी 24 न्यूज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में अब तक लगभग 9 लाख पर्यटक पहुंच चुके हैं। आज बुधवार को कार्यालयों में बसंत पंचमी पर अवकाश के चलते शिल्प मेला में लगभग एक लाख देशी-विदेशी पर्यटक पहुंचे। शिल्प मेला प्रशासन द्वारा पर्यटकों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मेला परिसर में जुटाई गई हैं तथा सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में पहुंच रहे पर्यटकों का एक ओर जहां मुख्य चौपाल एवं छोटी चौपाल पर देशी-विदेशी कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से मनोरंजन कर रहे हैं। वहीं छोटी चौपाल और हर ब्लाक के नुक्कड़ पर कलाकार अपने हास्य व्यंगो और वाद्य यंत्रों के जरिए मेले को विश्व की अनेकता में एकता



का संदेश भी दे रहे हैं। छोटी चौपाल पर कलाकारों ने हिंदी और हरियाणवी गीतों पर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। हरियाणवी कलाकारों ने अपने भजनों व नृत्य कला से छोटी चौपाल में समां बांध दिया।

# 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के पार्टनर देश तंजानिया की महिला ड्रेस, पर्यटकों के मन को भा रही

## पर्यटक जमकर कर रहे हैं महिला पोशाकों की खरीदारी




**सिटी 24 न्यूज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के पार्टनर कंट्री तंजानिया की महिला ड्रेस पर्यटकों के मन को भा रही है। इन महिला पोशाकों की पर्यटक जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। गत दो फरवरी से आगामी 18 फरवरी 2024 तक लगने वाले 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में देश के सभी राज्यों और विश्व के 50 देश भागीदार बन रहे हैं, जिसका थीम स्टेट गुजरात तथा पार्टनर देश तंजानिया है। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों द्वारा सांस्कृतिक पार्टनरशिप की जा रही है। सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के पार्टनर देश तंजानिया के एफसी-8 स्टॉल पर काम करने वाली रिबेका हिंगी, फातिमा मोहम्मद मूसा और मोरीयम मोहम्मद का कहना है कि बडी चौपाल के पीछे विदेशी स्टॉलो के जोन के मुख्य द्वार पर लगाए गए उनके स्टाल पर पर्यटकों को महिला ड्रेस काफी भा रही है। इनमें मुख्य रूप से लेडीज ड्रेस, फ्रॉक और पेंसिल तथा अन्य छोटे आइटम हैं, जिनकी पर्यटक जमकर खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिल्प मेले में बिक्री के हिसाब से उनकी दुकान पर खूब बिक्री हो रही है। रिबेका हिगी ने बताया कि उन्हें ग्राहकों से बात करते-करते हिंदी भाषा का ज्ञान हो गया है। वे ज्यादातर अंग्रजी में ही बातें करती हैं। उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत पर्यटक हिंदी में बात करना पसंद करते है, लेकिन 30 से 40 प्रतिशत पर्यटक ऐसी भी है जो अंग्रेजी में आसानी से बात कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्टॉल पर लोग सामान देखने के साथ-साथ खरीदारी भी कर रहे हैं। चाहे वह पेंसिल खरीदे या कोई ड्रेस की खरीद करें। इसमें ज्यादातर ग्राहक का फोकस लेडिस ड्रेस पर रहता है।

## ट्रैफिक एडवाइजरी

# किसान संगठनों के दिल्ली कूच के आह्वान के मध्यनजर, सुगम यात्रा के लिए फरीदाबाद पुलिस की ट्रेफिक एडवाइजरी के मुताबिक करे प्लान

**निजी वाहन से दिल्ली आने जाने के लिए बदरपुर बॉर्डर इत्यादि मार्ग खुले हैं।**

**ट्रेफिक एडवाइजरी में दिए गए ये वैकलपिक रूट है असुविधा से बचने के लिए वैकलपिक रूट का प्रयोग कर सकते हैं।**

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** किसानो के दिल्ली कूच करने के मद्देनजर कानून व्यवस्था और यातायात के सुचारु प्रवाह को बनाये रखने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने आम नागरिकों के आवागमन हेतु वैकलपिक मार्गो का चयन किया है। अत: सभी नागरिक निम्नलिखित यातायात मार्ग दिशानिर्देशों का अनुसरण करना सुनिश्चित करें-

फरीदाबद से पलवल, मथुरा की ओर जाने वाले वाहन निम्न वैकलपिक मार्ग का इस्तेमाल करें-

एनएच -19 से कैली बाईपास रोड की ओर मुडकर, आईएमटी चौक से गांव मच्छगर से छांयसा रोड होते हुए पलवल की ओर केजीपी एक्सप्रेसवे का उपयोग करें। एनएच -19 से कैली बाईपास रोड पर मुड़कर तिगांव रोड से गांव मोहना की तरफ जाते हुए पलवल की और गांव अलावलपुर रोड का उपयोग करें।

पलवल के रास्ते फरीदाबाद की ओर जाने वाले वाहन निम्न वैकलपिक मार्ग का इस्तेमाल करें-

पलवल से केजीपी एक्सप्रेस वे का प्रयोग करते हुए छायंसा कट से अटेली की ओर गांव दयालपुर से होते हुए आईएमटी चौक से फरीदाबाद बाईपास रोड का उपयोग करें। एनएच-19 से अलावलपुर चौक पलवल की ओर उतरते समय दाएं मुड़कर मोहना रोड होते हुए गांव छांयसा से तिगांव रोड का इस्तेमाल करते हुए फरीदाबाद बाईपास रोड का उपयोग करें।

**फरीदाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन निम्नलिखित वैकलपिक मार्ग का इस्तेमाल करें-**

एनएच-19 से बाएँ मुड़कर बडबल फ्लाईओवर से होते हुए अनखीर चौक से सूरजकुंड रोड की तरफ चलते हुए प्रहलादपुर बॉर्डर रोड का उपयोग करें। नोएडा दिल्ली से फरीदाबाद की ओर जाने वाले वाहन निम्न वैकलपिक मार्ग का इस्तेमाल करें। कालंदी कुंज से मुड़कर नया सेहतपुर पुल होते हुए कैनाल रोड की ओर निकले और फिर बाईपास रोड का इस्तेमाल करते हुए फरीदाबाद पहुचें।

इसके अलावा, आगामी स्थिति के अनुसार उपरोक्त मार्गो से यातायात को डायवर्ट किया जा सकता है। फ़रीदाबाद ट्रैफिक पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, पुलिस का सहयोग करें और स्थिति के अनुसार अपनी सुविधा के लिए दिए गए निर्देशों और परिवर्तित रुट का पालन करें। किसी भी उल्लंघन के मामले में अपराधियों पर कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत: सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यातायात सहायता के लिए 9582200138/0129-2267201 पर संपर्क कर सकते हैं।

# किसानों से वादा एमएसपी का, दे रहे लाठी-गोली: कुमारी सैलजा

**अपने ही देश में किसानों के साथ सरकार का व्यवहार अशोभनीय**

**किसानों को राहत देने की बजाए चुनिंदा उद्योगपति मित्रों का किया कर्जा माफ**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़, 14 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों से उनकी फसल के एमएसपी पर कानून बनाने का वादा करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार अब लाठियां और गोलियां चलाने में लगी हुई है। अपने ही देश के अंदर किसानों को शांतिपूर्वक तरीके से राजधानी तक पहुंचने देने की बजाए रास्ते में रोकना और भी उनके साथ तानाशाह जैसा व्यवहार करना निंदनीय है। शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस के 500 गोले दागे, सौ से अधिक किसान घायल हुए। सरकार को तानाशाही छोड़कर और किसानों के आंदोलन को बलपूर्वक कुचलने के बजाए अपने वायदा पूरा करने के लिए बातचीत से हल करे।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पंजाब के किसान लंबे अरसे से केंद्र सरकार के वादे याद दिला रहे थे। पूरा न करने की सूरत में दिल्ली कूच का ऐलान कर रहे थे, लेकिन दिल्ली में बैठी तानाशाह सरकार ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया और जब किसान दिल्ली के चल पड़े हैं तो केंद्र की कठपुतली बनकर प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार उन पर रबड़ की गोलियां चलवा रही है। आंसू गैस के गोले छुड़वा रही है, लाठीचार्ज करवा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान कर्ज में दबकर आत्महत्या करने को उतारू हैं, लेकिन कितने शर्म की बात है कि केंद्र सरकार के पास देश के 62 करोड़ किसानों का कर्जा माफ करने के लिए धन ही नहीं है जबकि, प्रधानमंत्री अपने चंद उद्योगपति मित्रों को 10 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का कर्जा एक ही झटके में माफ कर चुके हैं। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा की केंद्र सरकार किसान व मजदूर विरोधी है। सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान के कारण ही देश की छोटी-बड़ी आर्थिक गतिविधियां चलती हैं। किरयाने की छोटी सी दुकान भी तब चलती है, जब किसान की जेब में पैसा होता है। अच्छी फसल पैदा होने के बाद ही बाजार में नए-नए उत्पादों की बिक्री बढ़ती है। लेकिन, किसान को उनकी फसल का भाव तक भाजपा के राज में नहीं मिल रहा। केंद्र सरकार और भाजपा की अगुवाई वाली राज्य सरकारें लगातार किसानों को परेशान करती हैं, उनके साथ पक्षपात करती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी केंद्र सरकार का हठधर्मिता त्याग देनी चाहिए। तुरंत प्रभाव से किसानों नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित करना चाहिए। जब किसान दिल्ली जाना चाहते हैं तो उन्हें भी राजधानी में पहुंच कर अपनी बात रखने का हक है, उनका दिल्ली में स्वागत करना चाहिए न कि उन पर गोलियां बरसाई जाएं, लाठियां चलाई जाएं।

उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार जहां किसानों पर जुल्म कर रही है वहीं सरकार की हठधर्मिता से जनता भी परेशान है। 15 जिलों में धारा 144 लागू की गई है तो सात जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है जिसे बहाल करने के बाद उसे 15 फरवरी तक और बंद कर दिया गया है। बसों का परिचालन बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है, लोगों को 10-10 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। इंटरनेट बंद होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। व्यावसायिक वाहनों पर रोक लगाने से एक जिले से दूसरे जिले में सब्जी और अन्य खाद्य पदार्थों की सप्लाई तक नहीं हो रही है। बाजार में वस्तुओं के दामों में एकदम उछाल आ गया है। सरकार की तानाशाही के चलते जनता परेशान है।

# बनारस से मेले में चलकर आया स्पेशल बनारसी बाबू पान

**पूरी तरह से तंबाकू फ्री और ऑर्गेनिक है बनारसी बाबू के सभी पान**

**करीब 20 प्रकार के पान बनाते हैं बनारसी बाबू विनोद पांडे**



**सिटी 24 न्यूज**

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** सूरजकुंड की सुंदर वादियों में आयोजित किए जा रहे 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में बनारस का मशहूर मीठा पान अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। मेला परिसर में अलग-अलग करीब 10 स्थानों पर स्पेशल बनारसी बाबू पान का स्टॉल लगाया गया है, जहां पर बनारस से आए शुभम और विनोद पांडे पर्यटकों को बिना कत्था, बिना चूना और बिना सुपारी का मीठा पान का स्वाद दिला रहे हैं।

शुभम व विनोद कुमार अपने पिता जमना प्रसाद पांडे के पान के इस पुस्तैनी कार्य को आगे बढा रहे हैं। बनारस से आए विनोद पांडे का कहना है कि वे विभिन्न 20 प्रकार के पान बनाते है। इन सभी पान की खास बात यह है कि यह सभी पान पूरी तरह से ऑर्गेनिक हैं और तंबाकू फ्री हैं। मुंह में डालकर चबाते ही यह पान पूरी तरह घुल जाता है। बनारस के विनोद पांडे पिछले 8 वर्षो से सूरजकुंड मेला में लोगों को अपने पान का स्वाद चखाते आ रहे हैं। उनका कहना है कि वे सूरजकुंड मेला के अलावा ऑल इंडिया पर्यटन के कार्यक्रमों में भी शामिल होते हैं और गुरूग्राम के सूरजगढ रंगमंच और विशालगढ में उनके पान का स्थाई स्टॉल स्थापित है।

कुमान सानू, राजकुमार राव, गुरु रंधावा, कनिका कपूर, एमसी स्क्रवेयर जैसे सैलेब्रिटी ने उनके पान का स्वाद चख रखा है। बनारस के रहने वाले विनोद पांडे को एक पान बनाने में करीब 3 से 4 मिनट का समय लगता है। उनके पास स्पेशल बनारसी बाबू पान में फायर पान, मीठा पान, चॉकलेट कोटिड पान, स्मोक पान, मैंगो पान, वाटर मैलन पान, घुंडी पान, चुस्की पान जैसे करीब 20 प्रकार के पान मेले में पर्यटकों की पसंद अनुसार बनाकर देते हैं।

# अदालत द्वारा बिजली निगम का बैंक अकाउंट अटैच होने के आदेश के बाद ही बिजली निगम ने उपभोक्ता को किया जमा राशि का ब्याज सहित भुगतान

**सिटी 24 न्यूज**

**गुडग़ांव।** बिजली चोरी के मामले में अदालत के आदेश का पालन न करने पर अदालत ने बिजली निगम का अकाउंट अटैच करने के बाद ही बिजली निगम ने उपभोक्ता को जमा की गई जुर्माना राशि 12 प्रतिशत ब्याज दर से 2 लाख 93 हजार 844 रुपए का चैक दे दिया है। उपभोक्ता को चैक प्राप्त करने के लिए अदालत में एग्जिक्यूशन पिटिशन दायर करनी पड़ी थी। चैक प्राप्त हो जाने पर उपभोक्ता ने अब अपनी पिटिशन वापिस ले ली है। सरस्वती कुंज क्षेत्र के उपभोक्ता रामपाल के अधिवक्ता क्षितिज मेहता से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली निगम ने 25 जून 2017 को उपभोक्ता पर आरोप लगाए थे कि वह जांच के दौरान बिजली की चोरी करता हुआ पकड़ा गया है और उस पर एक लाख 63 हजार 795 रुपए का जुर्माना भी लगा दिया था। उसका बिजली का कनैक्शन भी काट दिया था। बिजली कनेक्शन जुड़वाने के लिए उपभोक्ता ने 28 जून को जुर्माना राशि का भुगतान बिजली निगम को कर दिया था और बिजली निगम के खिलाफ अदालत में केस भी दायर कर दिया था। अधिवक्ता का कहना है कि तत्कालीन अतिरिक्त सिविल जज अभिषेक फुटेला की अदालत ने 8 अगस्त 2017 को उसका केस खारिज कर दिया था। उपभोक्ता ने निचली अदालत के इस फैसले को जिला एवं सत्र न्यायालय में 27 अगस्त 2018 को चुनौती देते हुए अपील दायर कर दी थी। तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. डीएन भारद्वाज की अदालत ने 7 अप्रैल 2022 को निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए बिजली निगम को आदेश दिए थे कि उपभोक्ता द्वारा जमा कराई गई राशि का भुगतान 12 प्रतिशत ब्याज दर से उपभोक्ता को वापिस किया जाए और उपभोक्ता ने 11 अप्रैल 2022 को अदालत में एगजिक्यूशन पिटिशन दायर कर दी थी और एडीशनल सिविल जज रमेश चंद्र की अदालत ने बिजली निगम का बैंक अकाउंट अटैच कर दिया था। अधिवक्ता का कहना है कि बिजली निगम का अकाउंट अटैच होने के बाद ही बिजली निगम ने 2 लाख 93 हजार 844 रुपए का भुगतान चैक द्वारा उपभोक्ता को कर दिया गया है। इसके बाद ही उपभोक्ता ने दायर की गई एगजिक्यूशन पिटिशन वापिस ली है। अधिवक्ता का कहना है कि बिजली निगम के खिलाफ कार्यवाही करने के बाद ही बिजली निगम उपभोक्ता को पैसा वापिस करता है। अब उपभोक्ता बिजली निगम के खिलाफ ह्रासमेंट का केस भी दायर करेगा।

# किसानों ने नहीं बीजेपी सरकार ने जान बूझकर प्रदेश भर के रास्ते रोके : अनुराग ढांडा

**केंद्र सरकार को किसानों की मांग को स्वीकार करना चाहिए: अनुराग ढांडा**

**निहत्थे किसानों पर हमला करना बंद करे खट्टर सरकार : अनुराग ढांडा**

**इंटरनेट बंद करके व्यापारियों और आम जनता को नुकसान पहुंचा रही सरकार : अनुराग ढांडा**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों का रास्ता रोककर आम जनता और व्यापारियों को भी नुकसान पहुंचाया है। इसको लेकर हाईकोर्ट ने भी खट्टर सरकार को फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हठ धर्मिता छोड़ते हुए किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए और बातचीत के रास्ते से ही इस मसले का हल होगा। एमएसपी किसानों का हक है। उन्होंने बॉर्डर पर निहत्थे किसानों पर हमला करने को लेकर भी खट्टर सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने हमेशा ही किसानों पर अत्याचार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद होने से आम जनता और व्यापारियों का नुकसान हो रहा है। किसान शांति पूर्ण दिल्ली की तरफ रवाना हो रहे हैं, लेकिन फिर भी सरकार इंटरनेट सेवा बंद करके आम जनता में मन में भय पैदा करना चाहती है। किसानों की सभी मांगें जायज हैं। मोदी सरकार की व्यापारियों को खुश करने की नीति ने किसानों को कर्जदार बना कर छोड़ दिया है।

# हकेवि में राष्ट्रीय महिला दिवस पर व्याख्यान आयोजित, एनसीसी द्वारा किया गया आयोजित

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर ईकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप संस्कृत विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सुमन ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।




कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रतिभागियों से मुख्य वक्ता का परिचय भी कराया। उन्होंने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से ही विश्वविद्यालय में यह आयोजन संभव हो सका है।

अपने संबोधन में विशेषज्ञ वक्ता डॉ सुमन ने सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और राष्ट्रीय महिला दिवस में अंतर को स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को इन दोनो ही महत्वपूर्ण दिवसों के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैसे प्राचीन भारतीय सभ्यता में महिलाओं को एक गौरवमई स्थिति प्राप्त थी। और किस तरह से वर्तमान काल में समाज और राष्ट्र के स्तर पर निरंतर प्रयासों से महिलाएं के लिए पुन: पुरातन काल में प्राप्त गौरवपूर्ण स्थिति को प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में जारी प्रयासों में मुख्य वक्ता ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाये जा रहे कदमों को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि जहां नारी का सम्मान होगा, वहीं संस्कृति का उत्थान होगा। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने मुख्य वक्ता को धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों को विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए आयोजन का समापन किया।

# बसंत पंचमी के अवसर पर बेगपुर में निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित

## शिविर में 260 रोगियों की जांच

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आयुष विभाग की ओर से बसंत पंचमी के अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय बेगपुर में निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। शिविर में 260 रोगियों की जांच, उपचार एवं औषध वितरण किया। डा. राकेश कुमार ने कहा कि आज के समय में केवल आयुर्वेद एवं योग के माध्यम से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। इसलिए हमें आयुर्वेद में वर्णित जीवन शैली, दिनचर्या, ऋतुचर्या का पालन एवं नियमित योग-प्राणायाम करते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करते हुए बीमारियों पर होने वाले खर्च को बचाकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।



जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अजीत सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बसंत पंचमी के अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटेली बेगपुर में आमजन को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में ऋतु अनुसार आहार विहार, औषधीय पौधों व मौसमी बीमारियों से बचने के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में आयुर्वेदिक व पंचकर्म पद्धति द्वारा जोड़ों में दर्द, दमा, रक्तचाप, मधुमेह आदि सामान्य रोगों का उपचार किया गया व आयुर्वेद के माध्यम से दर्द प्रबंधन, अग्निकर्म, विद्धकर्म, मर्मचिकित्सा और कपिंग चिकित्सा द्वारा दर्द का निवारण किया गया तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की। इस कैम्प में रक्ताल्पता, वृद्धावस्था जनित रोगों के बचाव के बारे में भी परामर्श दिया गया। इसके अलावा स्थानीय औषधियों के द्वारा रोगों के बचाव के बारे में बताया तथा योग और प्राणायाम से स्वस्थ बने रहने के विषय में आयुष योग सहायकों द्वारा डेमो करके बताया। आयुष योग सहायकों द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार के तहत आम जन को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने आमजन को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली(अश्वगन्धा चूर्ण, च्यवनप्राश व कोटमचुक्कादि तैल) औषधियों की किट 10 वृद्ध जनों को निशुल्क वितरित की गई। उन्होंने कहा कि बाजरा, जौ, चना, ज्वार आदि मोटे अनाज को अब हमें अपने भोजन में पुन स्थान देना चाहिए जिसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमारे बुजुर्ग मोटे अनाज को खाकर ही स्वस्थ रहते हुए 100 साल की आयु जीते थे लेकिन हम उन आदतों को भुलाकर आधुनिकता के प्रभाव में उन्हें छोड़ दिया है, परिणामस्वरूप हम रक्तचाप, मधुमेह एवं पेट की बीमारियों जैसी बड़ी बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं।

# राव सुखबिन्द्र सिंह ने बसंत पंचमी पर बीमार गायों के लिए लगायी सवामणि

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आज बसंत पंचमी के अवसर पर स्थानीय स्टेडियम के पास स्थित उपचार गौशाला में पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह के सुपुत्र और बिजली वितरण निगम के सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने उपचाराधीन गायों के लिए सवामणि लगाई। उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का भारतीय समाज में बहुत महत्त्व है। बसंत में



पतझड़ के बाद पेड़-पौधों पर भी बहार आ जाती है। उपचार गौशाला में बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गायों का उपचार करके इसके संचालक भी गायों को नया जीवन देने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए आज इस शुभ अवसर पर यहां सवामणि का आयोजन किया है। श्री राव ने आज बस अड्डे के पास स्थित अपने कार्यालय में भी बसंत उत्सव का आयोजन किया और प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उनके कार्यकर्त्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी पर श्री गौड़ ब्राह्मण सभा में किया हवन

## ज्योति व ललित एडवोकेट रहे मुख्य यजमान

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल में बसन्त पंचमी के पर्व पर हवन का आयोजन किया गया। इस हवन में मुख्य यजमान के रूप में मंढाना निवासी ज्योति शर्मा व ललित शर्मा एडवोकेट ने आहुति दी। यजमान दम्पत्ति ने कहा कि उन्होंने ज्ञान व कला की देवी माँ सरस्वती के पूजन दिवस पर उन्होंने इस हवन में समस्त जगत को सद्बुद्धि देने के लिए आहुतियां दी हैं। हवन में आचार्य के रूप में पण्डित क्रांति निर्मल ने आहुतियां डलवाई। इस अवसर पर श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के सचिव कृष्ण कुमार ठेकेदार ने कहा की बसन्त पंचमी के दिन को ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस माना जाता है। इस दिन शिक्षा से जुड़े लोग मां शारदे की पूजा कर उनसे और



अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर कॉलिजियम सदस्य विजय कुमार गोस्वामी, कृष्ण कुमार शर्मा एडवोकेट, कमल कांत गौड़ एडवोकेट, भागीरथ शर्मा व अन्य जन उपस्थित थे।

# प्रतियोगिताओं से ग्रामीण युवा प्रतिभाओं को मिलता है निखरने का अवसर: डा. मनीष शर्मा



**खड़का क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, हंटूडी ने कारोता को 21 रनों से हराया**

**गांव कारोता में आयोजित बाबा खड़का क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता में लगभग 20 टीमों ने लिया था भाग, फाइनल विजेता को दिया 31 हजार रुपये का ईनाम**

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** गांव कारोता में चल रही पांच दिवसीय बाबा खड़का क्रिकेट प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गई। फाईनल मैच हटूंडी एवं कारोता के बीच हुआ, जिसमें हटूंडी ने कारोता को 22 रनों से हरा दिया। समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा थे। उनके साथ अजय एडवोकेट भी विशेष रूप में मौजूद थे। मुख्यातिथि डा. मनीष शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीम को सम्मानित किया। उन्होंने बाबा खड़का क्लब कारोता को अपनी तरफ से 21000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

सरपंच लालचंद लाठर ने बताया कि विजेता हटूंडी की टीम को 31 हजार रुपये नगद एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता को 21 हजार रुपये का ईनाम एवं स्मृति चिह्न दिया गया। मैन ऑफ दी सीरिज हटूंडी टीम से खिलाड़ी हंसराज रहे, जिन्होंने बल्ले एवं गेंद दोनों से अपना जौहर दिखाया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच करवाए गए, जिसमें हंटूडी एवं बर्डोद के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें हंटूडी की टीम विजेता रही। कारोता की टीम बाई के जरिए फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच 12 ओवर का था, जिसमें हंटूडी की टीम ने 126 रन बनाए, लेकिन कारोता की टीम महज 104 रन पर ही सिमट गई। जबकि कारोता की टीम से फाइनल मैच में शंकर ने महज 12 गेंद में 56 रन भी बनाए, लेकिन वह अपनी टीम को जीत के दरवाजे तक पहुंचाने में नाकामयाब रहे। इससे पहले लीग मैचों में हंटूडी के खिलाड़ी हंसराज ने कीर्तिमान बनाते महज 26 गेंदों में 114 रन बनाए। उन्होंने 19 छक्के लगाकर इस सीरिज में सर्वाधिक छक्कों का रिकार्ड भी अपने नाम किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए जजपा जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता बड़ी रौचक रही है तथा ग्रामीण युवाओं के लिए अविस्मरणीय रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण युवा प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। इससे प्रेम एवं भाईचारे की भी बढ़ौतरी होती है। उन्होंने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को नशे की दलदल से दूर रहना चाहिए। जो युवा इस दलदल में फंस जाते हैं, वह न केवल अपना, बल्कि अपने पूरे परिवार का भविष्य खराब कर देते हैं। इससे समाज एवं राष्ट्र पर भी बुरा असर पड़ता है। इस मौके राजकुमार सरपंच नांगल श्यालू, उमेद सिंह, सरजीत पूनियां, अनूप एवं रवि आदि मौजूद थे।

# हकेवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**आईसीएसएसआर के सहयोग से हो रहा है आयोजन**

**वाणिज्य, प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा होगा मंथन**

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में वाणिज्य एवं प्रबंधन में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी गुरुवार 15 फरवरी से शुरू होने जा रही है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी में 150 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित होने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में गहन विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी के उदघाटन सत्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर, हिमाचाल प्रदेश के निदेशक प्रोफेसर प्रफुल्ल अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरके मित्तल उपस्थित रहेंगे। इसी तरह उद्घाटन सत्र में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रोफेसर पवन शर्मा मुख्य वक्ता के रूप सम्मिलित होने जा रहे हैं।

कुलपति कहते है कि भारतीय वेदों और ग्रंथों की ओर देखें तो हमें वहां हर समस्या का समाधान मिलता है और जीवन को बेहतर बनाने व समाज के विकास के अवसर भी इनमें उपलब्ध है। ऐसे में इनकी प्रासंगिता निरंतर बनी हुई है। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में इन सभी विषयों पर विश्वविद्यालय के विभिन्न तकनीकी सत्रों में विस्तार से चर्चा होगी। विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने कहा कि भारत आज पूरे विश्व में आर्थिक महाशक्ति के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। इसका सबसे अहम कारण बीते कुछ सालों में बदली हमारी आर्थिक नीतियां है। प्रो.यादव ने कहा कि अवश्य ही दो दिवसीय संगोष्ठी इस दिशा में जारी प्रयासों को गति प्रदान करने में सहयोगी होगी।

वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष व संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राजेंद्र मीणा ने कहा कि इस दो दिवसीय संगोष्ठी के लिये देशभर के विभिन्न संस्थानों से 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। दो दिवसीय इस संगोष्ठी में दस से अधिक तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस संगोष्ठी के लिए उनके पास 100 से अधिक शोध पत्र देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अवसर पर स्कूल आफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर रंजन अनेजा ने कहा कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मे आर्थिक क्षेत्र और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलूओं को छूने की कोशिश की जायेगी। इस संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. सुनीता तंवर ने कहा कि दो दिवसीय संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रबंधन के विभिन्न पहलूओं पर व्यापक चर्चा होगी। जो सभी के लिए उपयोगी होगी। इस संगोष्ठी के सह संयोजक डॉ. सुमन, डॉ. रविंद्र कौर, डॉ. भूषण, डॉ. दिव्या और डॉ. अजय कुमार है।

# संवेदना अस्पताल द्वारा वरिष्ठ नागरिक संगठन कार्यालय मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 18 फरवरी को

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि आगामी 18 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे दोपहर तक संवेदना अस्पताल नारनौल के तत्वावधान मे किला रोड़ स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम मे एक निशुल्क नेत्र जांच, हड्डी तथा जोड़ दर्द और जनरल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमे डा. सुरेन्द्र मित्तल, एम.डी.(जनरल फिजीशियन), डाक्टर जितेश लाम्बा, (हड्डी तथा जोड़ दर्द विशेषज्ञ) और डाक्टर विशाल निगम (नेत्र जांच विशेषज्ञ) अपनी नि:शुल्क सेवाए प्रदान करेंगें। इस शिविर मे बी.पी., शुगर और ई.सी.जी. जांच भी निशुल्क की जाएगी। इस कार्यक्रम मे डा. अभय सिंह यादव, विधायक हलका नांगल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप मे और दयाराम यादव, जिला प्रधान बीजेपी अध्यक्ष के रूप मे भाग लेंगे। मरीजो का पंजीकरण उसी दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वरिष्ठ नागरिकों के अतिरिक्त सभी आमजन इस शिविर का लाभ उठाएं।

# ममता बनर्जी का भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जलाया पुतला, शहर में निकाला रोष मार्च

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** शहर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से बुधवार शाम को महावीर चौक पर तृणमूल कांग्रेस के विरोध में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया। इस मौके पर महिला मोर्चा ने शहर में एक विरोध प्रदर्शन भी किया। यह विरोध प्रदर्शन लोकनिर्माण विश्राम गृह से शुरु होकर महावीर चौक तक गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा पारदर्शी मुख्यरुप से मौजूद रही। पश्चिमी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से महिलाओं पर की गई



हिंसा के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की जिला इकाई द्वारा शहर में प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा पारदर्शी के अलावा फरीदाबाद जिलाध्यक्ष अनीता व महेंद्रगढ़ जिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती सैनी मौजूद रही।

महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि पश्चिमी बंगाल में महिलाओं के प्रति हिंसा में बढ़ोतरी हो रही है। जबकि वहां की सरकार कुछ नहीं कर रही है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़ और हिंसा की गई। जबकि पश्चिमी बंगाल सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया। इसके चलते पूरे देश की महिलाओं में पश्चिमी बंगाल सरकार के प्रति रोष है।

# मजदूर संगठन एटक जिला इकाई महेंद्रगढ़ ने भारत बंद में समर्थन दिया

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** मजदूर संगठन एटक जिला इकाई महेंद्रगढ़ एक बैठक जिला महेंद्रगढ़ कार्यालय पुरानी सराय सेन चौक नारनौल में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गजेंद्र ठेकेदार ने की। इसमे सभी पदाधिकारी एवं मजदूर भाई उपस्थित हुए।

मीटिंग में सभी पदाधिकारी व मजदूरों ने एक स्वर में प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार के आदेश अनुसार 16 फरवरी को मजदूर संगठन एटक ज़िला महेंद्रगढ़ ईकाई ने भारत बंद में अपना समर्थन दिया।

जिला उपाध्यक्ष गोपाल कौशिक ने कहा मजदूरों के हकों के लिए आखरी सांस तक लड़ाई लड़ेगे। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, महिला उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, जिला सलाहकार गोपीचंद, महिला कोषाध्यक्ष सुशीला, मीडिया प्रचारक मुकेश कुमार, जिला उप प्रधान महिला कविता देवी, कुलवंत कौर संगठन प्रचारक और काफी संख्या में मजदूर साथी उपस्थित थे।




सिटी 24 न्यूज

सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# मोदी रैली की तैयारी जोरों पर, रैली स्थल का जायजा लेने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी

**हरियाणा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी मोदी की रेवाड़ी रैली**

**16 फरवरी को 4 परियोजनाओं की हरियाणा को सौगात देंगे प्रधानमंत्री मोदी**

**गुरुवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे माजरा का दौरा**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी दौरा से पहले की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को रेवाड़ी के माजरा गांव पहुंचे। उन्होंने एम्स की साईट और अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि 16 फरवरी का दिन हरियाणा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी के माजरा गांव में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही 4 बड़ी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और शिलान्यास भी करेंगे। श्री सैनी ने कहा कि गुरुवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी तैयारियों का जायजा लेने माजरा पहुंचेंगे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, विधायक लक्ष्मण यादव, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, अरविंद यादव व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी जी रेवाड़ी से ही हांसी-रोहतक रेलवे लाइन, ओल्ड गुरुग्राम मैट्रो परियोजना, यमुनानगर में बनने वाले 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की भी आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से हरियाणा के विकास को गति मिलेगी। वहीं इस एम्स के बनने से हरियाणा के अलावा राजस्थान, यूपी और दिल्ली के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माजरा की धरती से विकसित भारत, विकसित हरियाणा रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली की तैयारियां जोरों से चल रही है। इसको लेकर पूरे हरियाणा में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी, गुरुग्राम, नूंह और महेंद्रगढ़ आदि चार जिलों से ही एक लाख से अधिक लोग इस रैली में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2013 में रेवाड़ी की वीर भूमि से ही चुनाव का शंखनाद किया था। उन्होंने कहा कि यह रैली 2013 की रेवाड़ी रैली से भी ज्यादा भव्य और ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में रैली को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि चार जिलों के 14 विधानसभा के लोग इस रैली में पहुंचेंगे और बाकि अन्य विधानसभाओं के लोग प्रधानमंत्री के संबोधन को एलईडी के माध्यम से सुनेंगे। हरियाणा की अन्य विधानसभाओं में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने इन दस सालों में देश और प्रदेश की तस्वीर बदली है। सड़कों, हाइवे, एक्सप्रेस-वे जितने मोदी सरकार में बने हैं, उतने कांग्रेस के 5 सालों के शासन में नहीं बनें। उन्होंने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार है। 10 सालों में मोदी और मनोहर सरकार ने गरीबों के हितों में अनेकों योजनाएं बनाई, जिनसे गरीब व्यक्ति का जीवन सरल हुआ है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी ने जो कहा उससे कहीं अधिक करके दिखाया है। गरीबों को पक्के मकान दिए, उज्जवला योजना से महिलाओं को धूआं से मुक्ति दिलाई, हर घर नल से जल पहुंचाकर महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाने के झंझट से मुक्त किया। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार ने भी हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन किया। मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी मिल रही है। परिवान पहचान पत्र के जरिए लोगों को घर बैठे सुविधाएं मिल रही है। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार गांवों को 24 घंटे बिजली मिलना मनोहर सरकार में ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि यह रैली हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी।

# रेवाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एम्स के शिलान्यास समारोह का अम्बाला छावनी में लाइव प्रसारण किया जाएगा : गृह मंत्री

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को देंगे हरियाणा के पहले एम्स की सौगात : मंत्री अनिल विज**

**कुमारी रुकमणी देवी मेमोरियल हॉल में कार्यकर्ता लाइव देखेंगे प्रसारण : अनिल विज**



**सिटी 24 न्यूज**

**अम्बाला।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी में हरियाणा के पहले एम्स की सौगात देंगे और आगामी 16 फरवरी को प्रधानमंत्री हरियाणा के पहले एम्स का शिलान्यास करेंगे। श्री विज बुधवार शाम अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि रेवाड़ी में आयोजित होने वाले शिलान्यास समारोह का अम्बाला छावनी में रेलवे रोड पर स्थित कुमारी रुकमणी देवी मेमोरियल हॉल में लाइव प्रसारण किया जाएगा तथा प्रात: 11:30 बजे कार्यक्रम का प्रसारण प्रारंभ होगा।

उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एक साथ बैठकर देखें। सीधे प्रसारण को दिखाने के लिए हॉल में बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह गौरव की बात है कि हरियाणा के पहले और देश का 22वां एम्स रेवाड़ी में बनने जा रहा है जिसका समूचे प्रदेश को लाभ होगा।

गृह मंत्री अनिल विज ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने एवं अन्य व्यवस्था करने के लिए भाजपा पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, राजीव गुप्ता डिम्पल, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, रामबाबू यादव, नरेंद्र राणा, ललता प्रसाद, अजय बवेजा, बलकेश वत्स, विजय गुप्ता सहित वार्ड प्रधान एवं शक्ति केंद्र प्रमुख मौजूद रहे।

# नायब सैनी के दिशा निर्देश पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रभारियों की नियुक्ति की

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश जरावता ने प्रदेश के सभी जिलो के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है जिसमे इन्होने वरिष्ठ नेता रामपाल पाली प्रदेश उपाध्यक्ष को पंचकुला जिले का प्रभारी, चन्द्रप्रकाश बोस्ती प्रदेश उपाध्यक्ष को भिवानी जिले का प्रभारी, विक्रम अरुआ अधिवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष को गुरुग्राम जिले का प्रभारी, कमल निम्बल अधिवक्ता प्रदेश सचिव को नुहं जिले का प्रभारी, योगेश तंवर प्रदेश उपाध्यक्ष को नारनौल जिले का प्रभारी, सूरजमल किलोई प्रदेश उपाध्यक्ष को झज्जर जिले का प्रभारी, डॉ. दिनेश शास्त्री प्रदेश सचिव को जींद जिले का प्रभारी, अजय खुनडिया प्रदेश सचिव को फतेहाबाद जिले का प्रभारी, श्रीमती प्रशांता चावरिया प्रदेश सचिव को करनाल जिले का प्रभारी, मोहित बाल्मीकि प्रदेश सचिव को रोहतक जिले का प्रभारी, नरेश नम्बरदार प्रदेश सचिव को पलवल जिले का प्रभारी, सेवानिवृत्त डीईओ रमेश को सोनीपत जिले का प्रभारी, कृष्ण भुक्कल पूर्व जिला अध्यक्ष को कुरुक्षेत्र जिले का प्रभारी, हितेंदर चौधरी पूर्व जिला प्रभारी को कैथल जिले का प्रभारी, डॉ. यशपाल चेयरमैन एवं पूर्व जिला अध्यक्ष को फरीदाबाद जिले का प्रभारी, सुरेश धनोंदा पूर्व प्रदेश महामंत्री को सिरसा जिले का प्रभारी, रमेश बाल्मीकि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य को चरखीदादरी जिले का प्रभारी, मुख्त्यार बाजीगर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य को हिसार जिले का प्रभारी, रोशनलाल पूर्व कर्मचारी प्रधान को अम्बाला जिले का प्रभारी, सेवानिवृत्त बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक कुलभूषण चौधरी को रेवाड़ी जिले का प्रभारी, श्रीमति सुनीता अरधाना पूर्व सदस्य सफाई आयोग को पानीपत जिले का प्रभारी तथा सेवानिवृत्त एसई विनोद को यमुनानगर जिले का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा एससी मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष श्री जरावता ने नव नियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए कहा कि आप सभी के साथ से प्रदेश भाजपा संगठन को ओर अधिक मजबूती मिलेगी।



# जीत की हैट्रिक लगाएंगे मोदी जी, देश को बनाएंगे तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति : जीएल



**देश को मोदी जी के रूप में देश को मिला सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व**

**मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा करेगी विकसित भारत के संकल्प को पूरा**

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ओबीसी मोर्चा के प्रभारी जीएल शर्मा ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी के नाम की आंधी देखी जा सकती है। यह यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटियां पूरी होने का प्रतिफल है, जो देश में भाजपा के पक्ष में इस तरह का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही देश में तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है और इस बार भाजपा 400 सीटों के आंकड़े को पार करेगी। नरेंद्र मोदी जी जीत की हैट्रिक लगाएंगे और देश को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। अब देश आर्थिक महाशक्ति बनकर रहेगा।

जीएल शर्मा अपने सेक्टर 15 कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 16 फरवरी को रेवाड़ी में होने वाली मोदी जी की विकसित भारत-विकसित हरियाणा रैली की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली में अधिक से अधिक भीड़ लेकर जाने का आह्वान करते हुए कहा मोदी जी के रूप में देश को सक्षम और पारदर्शी नेतृत्व मिला है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। भाजपा ने राष्ट्र प्रथम को सर्वपरि रखकर जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूरा कर रही है। मोदी की गारंटी ही है जिस कारण रेवाड़ी में एम्स और पुराने गुरुग्राम में मेट्रो का सपना साकार हुआ है। जीएल शर्मा ने कहा कि रेवाड़ी के भालखी-माजरा में बनने वाला एम्स और पुराने गुरुग्राम में मेट्रो की सौगात मोदी जी की गारंटी है। रेवाड़ी में एम्स निर्माण के बाद 10 हजार से ज्यादा नए रोजगार सृजित होंगे। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर एम्स क्षेत्र की दशा बदलने का काम करेगा। जीएल शर्मा ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने देश के साथ हरियाणा की दशा बदलने का काम किया है।

**बिना भेदभाव पूरे प्रदेश का मनोहर विकास**

जीएल शर्मा ने कहा कि यह हरियाणा प्रदेशवासियों का सौभाग्य है कि हमें मुख्यमंत्री के रूप में मनोहर लाल जैसे संत पुरुष का नेतृत्व प्राप्त हो रहा है। मनोहर लाल भी मोदाी जी की राह पर चलते हुए प्रदेश की तरक्की के सभी संकल्पों को पूरा कर रहे हैं। प्रदेश में बिना भेदभाव के समान विकास हो रहा है। युवाओं को रोजागर देने के मामले में प्रदेश सरकार ने नई परिपाटी को जन्म दिया है। अब बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही है। प्रदेश की 90 की 90 विधानसभा में समान विकास आज धरातल पर दिख रहा है। क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद की राजनीति को तीलांजलि देने का काम मनोहर सरकार ने किया है।

# 1810-1128 एकड़ जमीन और अहीर रेजिमेंट पर राव इंद्रजीत को सौंपा ज्ञापन



**राव इंद्रजीत पहुंचे मानेसर इलाके में माजरा पहुंचने का किया आहवान**

**राव इंद्रजीत ने दिया आश्वासन 16 के बाद सीएम के साथ बैठ निकलेंगे समाधान**

**मौजूदा और निवर्तमान विधायक सहित मौजूद रहे प्रबुद्ध नागरिक**

**सिटी 24 न्यूज**

**मानेसर/पटौदी।** शिव मंदिर गांव कुकड़ोला परिसर में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह बुधवार को मानेसर क्षेत्र के समर्थकों और ग्रामीणों के बीच पहुंचे। यहां पहुंच कर राव इंद्रजीत सिंह ने प्रबुद्ध ग्रामीणों सहित समर्थकों का 16 फरवरी शुक्रवार को अधिक से अधिक संख्या में माजरा एम्स शिलान्यास के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन के दृष्टिगत पहुंचने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा रेवाड़ी जिला के देहात इलाके में गांव भाकली माजरा में एम्स का शिलान्यास और इसका निर्माण किया जाना क्षेत्र के गरीब वर्ग के लोगों के लिए सबसे अधिक लाभकारी होगा। जिला गुरुग्राम तो पहले से ही मेडिकल हब के रूप में जगह बन चुका है । यहां पर मेदांता, फॉर्टिस जैसे अन्य और भी आधुनिक उपचार उपकरणों से लैस अस्पताल मौजूद हैं । जहां पर दुनिया भर से लोग अपना-अपना विभिन्न प्रकार का उपचार करवाने के लिए पहुंच रहे हैं । लेकिन रेवाड़ी के माजरा में एम्स बनने के बाद रेवाड़ी भी मेडिकल हब में शामिल होकर अपनी स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहचान बना लेगा । इस मौके पर पटौदी क्षेत्र के एमएलए एडवोकेट सत्य प्रकाश जरावता, पूर्व एमएलए विमला चौधरी, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राव अभय सिंह, पवन यादव मानेसर, राकेश हयातपुर, गजराज मानेसर, चरण सिंह, मास्टर ओमप्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

यहां पहुंचे राव इंद्रजीत सिंह को अहीर रेजिमेंट धरना स्थल की तरफ से पवन यादव ने अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। इसी मौके पर पिछले 567 दोनों से भी अधिक समय से धरना दे रहे कासन, कुकड़ोला और सेहरावन सहित अन्य गांव की 1810 एकड़ और 1128 एकड़ जमीन के मुद्दे को लेकर ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन लेने के उपरांत राव इंद्रजीत सिंह ने आश्वासन दिया कि 16 फरवरी के बाद हरियाणा भवन में दिल्ली में सीएम मनोहर लाल खट्टर के साथ प्रभावित ग्रामीणों की बैठक सहित बातचीत करवाई जाएगी। इसके साथ ही इस बात के प्रयास किए जाएंगे कि गंभीर होती जा रही समस्या का समाधान निकाल कर निपटारा किया जा सके। कुकड़ोला मंदिर परिसर में मौजूद सभी समर्थकों के द्वारा राव इंद्रजीत सिंह को आश्वासन दिया गया की 16 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन के मौके पर क्षेत्र से अधिक से अधिक लोग माजरा अवश्य पहुंचेंगे।

# संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम 16 फरवरी 2024 को ग्रामीण भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल का पूर्ण समर्थन करता है

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन गुरुग्राम के पूर्व प्रधान चौधरी संतोख सिंह ने की।

संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियंस ने 16 फ़रवरी को ग्रामीण भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल का आह्वान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम 16 फरवरी 2024 को ग्रामीण भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल का पूर्ण समर्थन करता है। 16 फ़रवरी को गुरुग्राम में संयुक्त किसान मोर्चा,ट्रेड यूनियंस एवं अन्य सामाजिक संगठन 11 बजे कमला नेहरू पार्क में इकट्ठा होकर सभा करेंगे और उसके बाद शांतिपूर्वक मार्च करते हुए लघु सचिवालय तक जाएंगे।

**संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम किसानों पर दमन की कड़ी निंदा करता है।**

**संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम की बैठक हुई।**



किसान आंदोलन में 750 किसानों की जान गई थी।मजबूर होकर झुकी सरकार ने किसानों से कई वादे किए थे जो आजतक पूरे नहीं किए। किसान वही मांगें रख रहे हैं जिन्हें पूरा करने का वादा यह सरकार पहले ही कर चुकी है। किसानों की मुख्य मांग एमएसपी स्च सी 2+50% का वादा भाजपा और वर्तमान प्रधानमंत्री ने 2014 के चुनावी घोषणा पत्र में किया था और 10 साल बाद भी इस वादे पर अमल नहीं हुआ। ट्रेड यूनियंस के मुख्य माँग है कि चार लेबर कोड ख़त्म किये जाएँ।

अब किसान आवाज उठा रहे हैं तो उनके साथ क्रूरता बरती जा रही है।देश के किसानों के साथ यह हिंसक व्यवहार बेहद शर्मनाक है।देश की जनता ये अन्याय देख रही है।

बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम ने शंभू बॉर्डर पर किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई की कड़ी निंदा की।संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम ने किसान संगठनों के दिल्ली चलो मार्च को रोकने के लिए लाठीचार्ज, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले और सामूहिक गिरफ्तारी का सहारा लेने के लिए सरकार की कड़ी निंदा की।यह बहुत ही गंभीर बात है कि प्रशासन द्वारा किसानों पर ड्रोन द्वारा आंसू गैस के गोले दागे गए। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार है।

बैठक में मुख्य रूप से ट्रेड यूनियन काउंसिल के संयोजक अनिल पंवार, जनवादी महिला समिति से ऊषा सरोहा, नवनीत रोजखेडा, एडवोकेट कमलदीप, मनीष मक्कड़, वज़ीर सिंह, एडवोकेट समय सिंह,जयपाल सिंह धनखड़, तारीफ सिंह गुलिया, योगेश्वर दहिया, रिटायर्ड विंग कमांडर एमएस मलिक, सतीश दहिया,चन्दन सिंह, भीम सिंह, गजराज सिंह, अमित पवार तथा अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे